*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 139

पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी सरकारः चंपाई




अबुआ आवास योजना

# अबुआ आवास सबका आवास

## 20 लाख


जरुरतमंद परिवारों को 3 कमरों का पक्का आवास

**1.28 लाख** से अधिक परिवार को प्रथम किस्त

**₹384 करोड़** डीबीटी के तहत हस्तांतरित

राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के तहत **तीन कमरा, स्वच्छ रसोईघर एवं शौचालय** का निर्माण करेगी

रोटी और कपड़ा के बाद अब **पक्का आवास** उपलब्ध करा रही सरकार



श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 321940 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 60,900 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो



# भाजपा के लिए राजमहल की 'चाबी' बनेंगे ताला

## ■ पहली बार भगवा पार्टी ने ताला मरांडी पर जताया है बड़ा भरोसा
## ■ संथाल परगना की इस सीट पर रोमांचक मुकाबले की जमीन तैयार
## ■ इंडी गठबंधन से झामुमो के विजय हांसदा के ही उतरने की उम्मीद

**आजाद सिपाही विशेष**

**संथाल परगना की राजमहल लोकसभा सीट पर इस बार का चुनाव बेहद रोमांचक होगा। झामुमो का गढ़ माने जानेवाले इस संसदीय क्षेत्र की ह्यचाबीह्न इसाइ और अल्पसंख्यक मतदाताओं के साथ आदिवासियों के पास है। इसलिए यहां भाजपा की सफलता हमेशा संदेह के घेरे में रही है। भाजपा ने ताला मरांडी को राजमहल का प्रत्याशी बना कर इस बार के चुनावी मुकाबले को रोमांचक बना दिया है। भाजपा ने पहली बार ताला मरांडी पर भरोसा जताया है, जबकि इंडी गठबंधन की तरफ से झामुमो के विजय हांसदा के ही मैदान में उतरने की उम्मीद है। विजय हांसदा दो बार से यहां से चुनाव जीत चुके हैं और इस बार हैट्रिक के लिए कोशिश करेंगे। ऐसे में राजमहल की पहाड़ियों में यह सवाल अभी से ही तैरने लगा है कि क्या भाजपा के लिए रामहल की ह्यचाबीह्न हासिल करने में ताला मरांडी सफल हो सकेंगे। राजमहल संसदीय क्षेत्र के मतदाता चुनाव को लेकर जितने उत्साहित हैं, उतने ही गंभीर भी। यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है और यहां के अधिकांश लोग गरीब तबके हैं और वनोत्पाद के अलावा खेती कार्य और मजदूरी करते हैं। ऐसे में अपने बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं दिला पाते और यदि किसी तरह उच्च शिक्षा प्राप्त कर भी लिया, तो उन्हें रोजगार के लिए अन्य राज्य पलायन करना पड़ता है। यही इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इसलिए ताला मरांडी का सफर बहुत आसान नहीं होनेवाला है। ताला मरांडी को टिकट दिये जाने के बाद क्या है राजमहल सीट का सियासी माहौल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र की राजमहल संसदीय सीट पर चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो चुकी है। भाजपा ने पहली बार ताला मरांडी को इस सीट से प्रत्याशी बना कर चुनावी मुकाबले को रोमांचक मोड़ पर खड़ा कर दिया है। अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित इस सीट पर हार-जीत की ह्यचाबीह्न आदिवासी और अल्पसंख्यक वोटरों के हाथों में है। इसके चलते सभी प्रमुख प्रत्याशी उधर ही ताक रहे हैं। भाजपा को भी उम्मीद है कि ताला मरांडी यह ह्यचाबीह्न उसके लिए हासिल कर पाने में कामयाब हो जायेंगे। 2019 में यहां से झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दूसरी बार जीते थे।

### राजमहल संसदीय क्षेत्र की पृष्ठभूमि

छह विधानसभा क्षेत्र में फैले राजमहल सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र में साहिबगंज और पाकुड़ जिले के कुल 15 प्रखंड हैं। गोड्डा जिले के दो बोआरीजोर और सुंदरपहाड़ी और दुमका जिले का गोपीकांदर प्रखंड आता है। राजमहल सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र शुरू से ही संथाल की राजनीति का केंद्र रहा है। पिछले 10 साल में साहिबगंज जिले में कई बड़ी परियोजनाएं शुरू हुई हैं। इनमें समदा में बंदरगाह, साहिबगंज और राजमहल में सीवरेज सिस्टम और महादेवगंज में डेयरी प्रोजेक्ट प्रमुख हैं। साहिबगंज-मनिहारी के बीच गंगा पुल का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। पूरे इलाके में तेजी से बड़े शहरों की संस्कृति विकसित हो रही है।

### राजमहल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

संताल हूल के महानायक सिदो-कान्हू और चांद-भैरव के जन्मस्थल के रूप में देश-विदेश में साहिबगंज जिले की पहचान है। 1857 में हुए सिपाही विद्रोह से दो साल पहले ही 1855 में साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह गांव के इन चार भाइयों ने ब्रिटिश शासकों से लोहा लेकर उनके दांत खट्टे कर दिये थे। इस्ट इंडिया कंपनी के जमाने में 1861-62 के आसपास साहिबगंज से किऊल तक रेल लाइन बिछी थी। इसे साहिबगंज रेल लूप खंड कहा जाता था। देश के सबसे पुराने रेलखंड में साहिबगंज रेलखंड शामिल है। राजमहल संसदीय क्षेत्र को रेल लाइन से सीधे जुड़े होने का गौरव शुरू से ही हासिल है।

### राजमहल से एक बार मिली है भाजपा को जीत

हेमलाल मुर्मू के झामुमो में वापस जाने के बाद राजमहल इलाके में भाजपा को एक बड़े चेहरे की जरूरत थी, जो झामुमो के इस गढ़ में उसके लिए लड़ सके। शायद इसीलिए भाजपा ने फिलहाल ताला मरांडी को सबसे बड़ा मोहरा माना है और उन पर दांव खेला है। राजमहल में देवीधन बेसरा ही झारखंड बनने के बाद 2009 में एक बार भाजपा को चुनावी जीत दिला सके हैं।



### बोआरीजोर के रहने वाले हैं ताला मरांडी

ताला मरांडी गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड के रहने वाले हैं। वह इससे पहले दो बार 2005 और 2014 में भाजपा के टिकट पर बोरियो के विधायक भी रह चुके हैं। जब वह राजनीति के शिखर पर थे और उन्हें भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तो वह एक बड़े विवाद में फंस गये, जिसके बाद उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी गंवानी पड़ी। इसी विवाद के कारण 2019 में उनका टिकट भी काट दिया गया। उनके टिकट कटने के पीछे एक वजह उनकी अपनी ही सरकार की डोमिसाइल नीति की आलोचना करना भी था। इसके बाद ताला मरांडी बागी बन गये और आजसू में शामिल हो गये।

उन्होंने आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन वह खुद भी चुनाव हार गये और भाजपा को भी हरा दिया। भाजपा और ताला मरांडी के बीच इस जंग के चलते बोरियो से झामुमो के लोबिन हेंब्रम चुनाव जीत गये। इसके बाद ताला मरांडी कुछ दिनों के लिए लोजपा में शामिल हुए, लेकिन फिर कुछ दिनों के बाद वह भाजपा में लौट आये।

### राजमहल का सामाजिक समीकरण

इस लोकसभा सीट में छह विधानसभा सीटें- राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ और महेशपुर हैं। छह में दो सीटें भाजपा, एक निर्दलीय और तीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास हैं।

इसमें बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। माना जाता है कि इसाइ मिशनरी और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े वोटर यहां जीत और हार में बड़ा फर्क करते हैं।

### राजमहल का सियासी परिदृश्य

राजमहल लोकसभा सीट के अंतर्गत साहेबगंज की तीन विधानसभा सीटें, राजमहल, बोरियो और बरहेट आती हैं, तो वहीं तीन विधानसभा क्षेत्र पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर आते हैं।

इन्हीं छह विधानसभा सीटों को मिलाकर राजमहल लोकसभा सीट बनाया गया है। इन छह में से चार विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं और दो सामान्य विधानसभा सीट है। इस सीट का गठन 1957 में ही हो गया था। इस निर्वाचन क्षेत्र में लगभग चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय ही रहा है। यहां भाजपा और कांग्रेस का जितना दबदबा रहा है, झामुमो का भी यहां वैसा ही वर्चस्व रहा है। राजमहल लोकसभा सीट को कांग्रेस ने आठ बार, झामुमो ने पांच बार, भाजपा ने दो बार और बीएलडी और जनता पार्टी ने एक-एक बार जीता है। बिहार से अलग होकर झारखंड के गठन के बाद इस सीट पर भाजपा और झामुमो ही टक्कर में रही है। इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक वर्ग और इसाइ मिशनरी का प्रभाव है। माना जाता है कि वे कांग्रेस-झामुमो के समर्थक हैं। वर्तमान सांसद विजय हांसदा के पिता थॉमस हांसदा भी कांग्रेस के सांसद थे। इसलिए इस परिवार का क्षेत्र में खासा प्रभाव है।

### राजमहल के चुनावी मुद्दे

राजमहल संसदीय क्षेत्र में इस बार उच्च शिक्षा से लेकर पलायन और गरीबी से लेकर भ्रष्टाचार तक पर बात हो रही है। झारखंड का सबसे गरीब और पिछड़ा इलाका होने के कारण यहां के लोग हमेशा समस्याओं में ही जीते हैं। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से यहां के दो दर्जन से अधिक पहाड़ पत्थर माफियाओं के कारण गायब हो गये हैं। यह इलाका हाल के दिनों में खनन घोटाले के खिलाफ इडी की कार्रवाई के कारण चर्चा में आया। इस बार के चुनाव में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठेगा। इसके अलावा बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा भी अहम है, जिसे लेकर लोग बेहद चिंतित हैं।

### भाजपा के लिए चुनौती है राजमहल सीट

वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में जब पूरे देश में नरेंद्र मोदी की लहर चल रही थी, तब भी झारखंड की जिन सीटों पर भाजपा को जीत नहीं मिली, उसमें एक सीट है राजमहल। इस सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। झारखंड की यह सीट भाजपा के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण सीट मानी जा रही है। भाजपा के लिए राजमहल सीट अब भी आसान नहीं है। पिछली बार भाजपा ने हेमलाल मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें विजय हांसदा से करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब हेमलाल मुर्मू झामुमो में शामिल हो गये हैं। इसके बाद विजय हांसदा को चुनौती देने के लिए भाजपा ने ताला मरांडी को चुना है।

---

# योगदान नहीं देनेवाले पुलिस अफसरों पर गिरेगी गाज

## पुलिस मुख्यालय ने 24 घंटे में मांगी सूची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया जा रहा है। तीन वर्षों से जिलों में तैनात अफसरों के तबादले के बाद भी कुछ अफसर जमे हैं। अब पुलिस मुख्यालय ने भौतिक रूप से योगदान नहीं देनेवालों की सूची मांगी है। योगदान नहीं देनेवाले ऐसे पदाधिकारियों पर पुलिस मुख्यालय अनुशासनिक कार्रवाई करेगा। पुलिस मुख्यालय ने 24 घंटे के अंदर ऐसे पदाधिकारियों की सूची मांगी है, जो भौतिक रूप से योगदान नहीं दिया है। इस बाबत पुलिस मुख्यालय एसएसपी, एसपी समेत पुलिस के अन्य विंग के अधिकारियों को पत्र भेज कर भौतिक रूप से योगदान नहीं देनेवालों की सूची मांगी है। मुख्यालय के भेजे गये पत्र में कहा गया है कि स्थानांतरित इंस्पेक्टर, परिचारी प्रवर, परिचारी, एसआइ कोटि के पदाधिकारियों को उनके स्थानांतरित जिला, इकाई के लिए अविलंब विरमित कर भौतिक प्रस्थान कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन से पुलिस मुख्यालय को अवगत कराने का निर्देश दिया गया था। यदि कोई पदाधिकारी अब तक भौतिक रूप से योगदान नहीं दिये हैं, तो उनकी सूची 24 घंटे के अन्दर तक पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाये, ताकि अग्रेतर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके। बता दें कि इस संबंध में 24 फरवरी को भी पुलिस मुख्यालय जिलों सहित पुलिस के अन्य विंग के पदाधिकारी से सूची मांगी थी। मुख्यालय को यह सूची उपलब्ध नहीं करायी गयी। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने जिलों को पत्र भेज कर 24 घंटे के अंदर सूची मांगी है।

---

# मेले में शराब बेचकर घर लौट रही अधेड़ से तीन युवकों ने किया दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

जानकारी के मुताबिक, पीड़िता और बलात्कार करने के दोनों आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं। पीड़िता गुरुवार को मंगरुटिकर गांव में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में शराब बेचने गयी थी। शराब बेचकर देर शाम बहियार के रास्ते अपने ही गांव के तीन युवकों के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान तीनों युवकों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर महिला से जबरदस्ती करने लगे। इसके बाद तीनों युवकों ने महिला से बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों युवक मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने सुबह बोरियो थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित कर तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गयी। इसमें पुलिस ने दो आरोपी सुरेश टुडू व परता टुडू उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फरार हो गया।

प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार ने बताया कि पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जायेगा। वहीं, फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

---

# लोकसभा चुनाव में निर्णायक होंगे झारखंड के युवा वोटर

**21.67 लाख फर्स्ट टाइमर वोटर पर सबकी निगाहें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव में राज्य के युवा मतदाता निर्णायक भूमिका निभायेंगे। यही वजह है कि चुनाव आयोग इन युवाओं पर ज्यादा भरोसा दिखा रहा है और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने की कोशिश कर रहा है। इस बार राज्य में 21.67 लाख युवा पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




चुनाव आयोग की ओर से पांच जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची के आंकड़ों के मुताबिक 21.67 लाख युवा मतदाताओं में 10 लाख 64 हजार 282 युवक और 11 लाख 2 हजार 903 युवतियां हैं, जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 है, जो पहली बार वोट डालेंगे। यह संख्या तो पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं की है, जो लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आयेंगे, लेकिन यदि 18 से 45 साल के मतदाताओं की संख्या का अनुमान लगायें तो राज्य में इनकी संख्या 60 लाख के करीब होने की संभावना है। चुनाव आयोग के मुताबिक आने वाले समय में इनकी संख्या बढ़ने की संभावना है। ऐसे में चुनाव आयोग इन मतदाताओं को इस बार आम चुनाव के दौरान मतदान करने के लिए प्रेरित करने में जुटा हुआ है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चुनाव आयोग का मुख्य फोकस युवा मतदाताओं पर है। शायद यही वजह है कि उनके बीच लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

**युवा वोटरों में दिख रहा उत्साह: रवि कुमार**

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल-कॉलेजों जैसे शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम चलाये गये हैं, जिसका परिणाम आगामी चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत में देखने को मिलेगा।**

---

# अरवा राजकमल ने गृह सचिव का पदभार ग्रहण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय के कार्यालय में गृह-कारा विभाग का स्वतः पदभार ग्रहण किया। इस पद की जवाबदेही पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा के साथ ही साथ नक्सल हिंसा नियंत्रण की है। इसके अलावा



सैनिक कल्याण निदेशालय और केंद्रीय बजट का उपबंध, आवंटन का भी कार्य गृह सचिव के जिम्मे है। राजकमल के पास पूर्व से नगर विकास-आवास, उत्पाद-मद्यनिषेध विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। इसके अलावा जुडको के सीएमडी और ग्रेटर रांची के सीएमडी का भी पदभार राजकमल संभाल रहे हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

09 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 139







पहाड़ी मंदिर शिव बारात कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी सरकार: चंपाई



**शिव बारात में उमड़ा जनसैलाब**

**मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित 'श्री शिव बारात' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पूरे विधि-विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी लोग देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना कर महाशिवरात्रि का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किये जायेंगे। उनकी सरकार रांची स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी। इस धार्मिक धरोहर को देश में अलग पहचान दिया जायेगा।

शिव बारात में जन सैलाब उमड़ा। भारी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए मैं महासमिति के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

शिव बारात में भारी संख्या में लोग उमड़े थे। पूरा वातावरण शिवमय हो गया था। भारी संख्या में लोग शिव बारात के साथ चले। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, विधायक सीपी सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपये हुए कम

नयी दिल्ली/रांची। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपये कम करने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद अब दिल्ली में कीमत 903 से घटकर 803 रुपये, भोपाल में 808.50 रुपये, जयपुर में 806.50 रुपये, झारखंड में 860.50 और पटना में 901 रुपये हो गयी है। इससे पहले रक्षाबंधन के मौके पर सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती की थी।

### सुधा मूर्ति अब राज्यसभा सांसद

नयी दिल्ली। मशहूर लेखिका और समाज सेविका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। सुधा मूर्ति मशहूर बिजनेसमैन और इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक उनके दामाद हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी।

### एनडीए में शामिल हो सकती है टीडीपी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अपने पुराने सहयोगियों को एनडीए में मिलाने की कोशिश में जुट गयी है। नीतीश कुमार की जदयू के बाद ओड़िशा में बीजेडी के साथ भाजपा की बातचीत चल रही है। इस बीच आंध्र प्रदेश की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) भी एनडीए में जल्द ही शामिल हो सकती है। दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह और टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू की मुलाकात हुई। दोनों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत हुई।

### शाहजहां शेख के घर फोरेंसिक टीम पहुंची

कोलकाता। टीएमसी से निष्कासित नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के बाद सीबीआइ और फॉरेंसिक टीम ने शुक्रवार को उसके घर और दफ्तर की तलाशी ली। मामला 5 जनवरी को इडी की टीम पर हुए जानलेवा हमले से जुड़ा है।

प्रधानमंत्री ने 23 लोगों को दिया नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड

# यह नये दौर को समय से पहले पहचान देने की कोशिश : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 23 लोगों को नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड दिया। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवाओं को और उनकी रचनात्मकता को सम्मान देने के लिए यह अवॉर्ड पहली बार आयोजित हो रहे हैं। यह नये दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है।

मोदी ने कहा कि आज महाशिवरात्रि भी है। मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है। भगवान शिव भाषा, कला और रचनात्मकता के रचनाकार माने गये हैं। साथ ही मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि पुरुष भी ताली बजा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में 23 लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कथावाचक जया किशोरी को सामाजिक परिवर्तन के लिए सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर का अवॉर्ड दिया है। साथ ही 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द इयर' का अवॉर्ड मैथिली ठाकुर को दिया।

गौरतलब है कि नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड 20 श्रेणियों में दिये गये हैं। इनके लिए करीब 1.5 लाख नामांकन मिले थे। वोटिंग राउंड के दौरान विजेताओं का चयन करने के लिए लगभग 10 लाख वोट डाले गये। इसके बाद तीन अंतरराष्ट्रीय क्रिएटर समेत 23 विजेताओं का चुनाव किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी सेक्टर की महाशक्ति ने सरकार को प्रेरित किया है कि कब तक बैठे रहोगे, कुछ तो सोचो। इसलिए भी आप बधाई के पात्र हैं। इसका श्रेय भारत के हर कंटेंट क्रिएटर को जाता है। आपने जो हिम्मत दिखायी, उसी के कारण आज आप सब यहां पहुंचे हैं। देश बड़ी आशा के साथ आपको देख रहा है। आपका कंटेंट पूरे भारत में जबरदस्त प्रभाव पैदा कर रहा है। मोदी ने कहा कि पश्चिमी देशों में सोच है कि भारत में कामकाजी महिलाएं नहीं हैं। गांव में आप देखेंगे इतनी आर्थिक गतिविधियां हमारी माताएं-बहनें करती हैं। हम इस गलत अवधारणा को बदल सकते हैं।



### पीएम आज पहुंचेंगे काशी, ज्ञानवापी दर्शन की उम्मीद

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर से शनिवार को काशी पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री की 10 मार्च को आजमगढ़ में रैली प्रस्तावित है। मोदी काशी में भगवान विश्वनाथ का दर्शन करेंगे। साथ ही उनके ज्ञानवापी में व्यास तहखाने का झांकी दर्शन भी करने की संभावना है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। उधर, प्रधानमंत्री शुक्रवार को असम में विभिन्न कार्यक्रमों सें शामिल हुए। असम में प्रधानमंत्री करीब 18 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया।

# मां ने कर्ज नहीं चुकाया, तो माइक्रो फाइनेंस बैंक ने बेटे को बंधक बनाया

**14 दिन बाद लोगों के दबाव पर मुक्त किया गया नाबालिग**

**पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज, मैनेजर गिरफ्तार**

**नवीन कुमार गुप्ता**

**भवनाथपुर।** माइक्रो फाइनेंस बैंक ने एक महिला कर्जदार के नाबालिग लड़के को 14 दिनों तक बंधक बनाये रखा। महिला ने इस मामले में दो नामजद समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज कराया है। इसके बाद पुलिस ने बैंक के शाखा प्रबंधक निगम यादव को गिरफ्तार कर लिया है, जबकी कर्मचारी उमाशंकर तिवारी की तलाश की जा रही है।

**क्या है मामला :** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रोहिनिया गांव निवासी संतोष राम की पत्नी आशा देवी समूह के माध्यम से सैटिन माइक्रो फाइनेंस बैंक कर्ज लिया था। कर्ज का पैसा वापस करने में देरी होने पर बैंक के मैनेजर निगम यादव ने उस पर दबाव बनाया। निर्धारित समय तक रकम की व्यवस्था नहीं हुई, तो मैनेजर ने उसके पुत्र अनिश कुमार (12) को कब्जे में कर लिया। मैनेजर उसे लेकर श्रीबंशीधर नगर चले गये और कार्यालय में बंद कर दिया। 14 दिन तक मैनेजर ने बच्चे से काम कराया। उससे जूठा बर्तन भी साफ कराया गया। महिला ने बच्चे को छोड़ देने की गुहार लगायी, लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। तब उसने इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी। लोगों ने बच्चे को मुक्त करने का दबाव बनाया। तब मैनेजर और अन्य कर्मियों ने महिला से तीन हजार रुपये लिये और शेष रकम वापस करने की लिखित गारंटी लेकर बच्चे को मुक्त कर दिया। कर्मियों ने महिला को धमकी दी कि अगर किसी से कुछ बताया, तो बच्चे की किडनी और आंख निकाल कर बेच दिया जायेगा।



### क्या कहा बच्चे ने

अनिश कुमार ने मुक्त होने के बाद बताया कि बैंककर्मी उसे हेनहो मोड़ के पास स्थित कार्यालय में ले गये, जहां उसे बंधक बना लिया। एक सप्ताह तक तो ठीक से रखा, लेकिन बाद में उमाशंकर तिवारी मारपीट करने लगे। वह कपड़ा और बर्तन साफ करने के लिए बोलते थे और शराब पीने के बाद बोतल भी फेंकवाते थे। वह पैसा जमा नहीं करने पर किडनी और आंख निकाल कर बेच देने की धमकी देते थे।

# कल्पना कल जायेंगी बरहेट

**जनसभा को करेंगी संबोधित, तैयारी में जुटा झामुमो**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पहली बार रविवार 10 मार्च को बरहेट विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी। यह पहला मौका है, जब हेमंत सोरेन की पत्नी उनके विधानसभा क्षेत्र में जायेंगी। यहां वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगी। कल्पना सोरेन के साथ राज्य सरकार में मंत्री हफीजुल हसन भी मौजूद रहेंगे। सहिबगंज से लेकर बरहेट तक झामुमो इसकी तैयारी में जुट गया है। कल्पना सोरेन के आगमन और सभा को लेकर शुक्रवार को साहिबगंज जिले के पतना में झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार किया गया। कल्पना सोरेन सबसे पहले बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सुंदरपहाड़ी प्रखंड, बरहेट के नवगछिया मैदान और पतना प्रखंड क्षेत्र में सभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद कल्पना हेलीकॉप्टर से रांची लौट जायेंगी।




# धनबाद में कोलडंप पर वर्चस्व के लिए खूनी संघर्ष

**25 राउंड चली गोली, बमबारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद में कोल डंप पर वर्चस्व के लिए खूनी संघर्ष हुआ है। इलाके में 25 राउंड फायरिंग हुई। इस दौरान बमबारी भी की गयी है। बीसीसीएल एरिया 5 की सिजुआ मोदीडीह कोलयरी में संचालित तेतुलमुड़ी कोल डंप में वर्चस्व को लेकर एटक (विधायक ढुलू महतो) और संयुक्त मोर्चा के समर्थक शुक्रवार को भिड़े। बताया जाता है कोल डंप में बंद कराने को लेकर दोनों गुटों के बीच संघर्ष हुआ। पुलिस ने इलाके से छह जिंदा बम बरामद किया है। घटनास्थल से कई खोखा भी बरामद हुए हैं। बीसीसीएल में कोल डंप को लेकर लंबे समय से वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। विधायक ढुलू महतो के समर्थन में बने एटक मजदूर संगठन इस इलाके में मजदूरों के माध्यम से ढुलाई की मांग कर रहा था। उसका आरोप है कि मशीनों से ढुलाई होती है, जिससे मजदूरों को उनका पैसा नहीं मिल पाता। इन इलाकों में अक्सर मजदूर संगठनों के बीच वर्चस्व की लड़ाई होती रहती है।




## द जनपथ, बिहार क्लब अब नई रेंज के साथ शुरू



कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में द जनपथ नाम से चल रही प्रतिष्ठान अब भव्य रूप में नये कलेक्शन के साथ पूरे परिवार के लिए सभी प्रकार की फ्रेश रेंज के साथ शुरू की गई है, 500 रुपये से अधिक खरीद पर निश्चित उपहार दिये जा रहे है. यहाँ बच्चो के खिलौने, आर्टिफीसियल ज्वेलरी, लेडीज-गेंट्स पर्स,बेल्ट, स्कूल बैग, सॉफ्ट टॉयज, ट्रॉली बैग, फ्लॉवर, डेकोरेशन आइटम, डोरमैट, चेयर,बाल्टी, मग, स्टूल, किचन के सामान, स्टेशनरी, वाल पेपर, गद्दे, तकिये, टॉवल, बेडशिट, हर उम्र के बच्चो के लिए सभी प्रकार के कपड़े, गर्ल्स टॉप, लोअर, साड़ी,कुर्ती, लहंगा, गाउन, नाइटी, लेडीज बॉटम वियर, मेंस टी शर्ट, शर्ट, ट्राउज़र, ब्लेजर, लगन बंडी, जींस ,चीनोज़, कार्गो, लोअर, हाफ पैंट, कुर्ता,पैजामा, जिम वियर के साथ और सभी प्रकार के ज़रूरत के समान एक ही छत के नीचे उचित मूल्य पर उपलब्ध कराये जा रहे है जो ग्राहकों को काफ़ी पसंद आ रहे है, रविवार को भी सेल चालू रहती है

Advt.

# प्रार्थी को नियुक्त करे जेपीएससी: हाइकोर्ट

**असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर होनी थी नियुक्ति**

**कोर्ट ने जेपीएससी की दलील को नकारा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अनुसूचित जनजाति उम्मीदवार के मामले में शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। कोर्ट ने जेपीएससी की दलील को नकारते हुए अभ्यार्थी को चार सप्ताह में नियुक्त करने का आदेश दिया। दरअसल जुलाई 2018 में जेपीएससी ने नागपुरी भाषा के लिए एसटी उम्मीदवारों के लिए बैकलॉग वेकेंसी के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के चार पदों के लिए विज्ञापन निकला था। इसके बाद दस्तावेजों की जांच में प्रार्थी को 85 में से 72 अंक दिया गया था। जेपीएससी ने 23 दिसंबर 2021 को रिजल्ट जारी किया, लेकिन कोर्ट के आदेश के आलोक में एक पद पर रिजल्ट को रोक दिया था। बाद में कोर्ट ने प्रार्थी का रिजल्ट मंगाया था। जेपीएससी ने सीलबंद रूप में प्रार्थी का अंक कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसमें कोर्ट को पता चला कि प्रार्थी उस पूरी परीक्षा में अधिकतम नंबर लाने वाला अभ्यर्थी है।

जेपीएससी ने कोर्ट में दलील दी कि प्रार्थी ने जब अपना परीक्षा फॉर्म भरा था, उस दौरान जेपीएससी की वेबसाइट का स्टेटस फेल हो गया था। इस वजह से फीस का पैसा जेपीएससी के खाते में नहीं आया। इस कारण उन्हें पहले इंटरव्यू में नहीं बुलाया गया था और उनकी नियुक्ति नहीं की जा रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि प्रार्थी हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में इंटरव्यू दे चुका है और वह उस परीक्षा में अधिकतम नंबर वाला भी रहा है। कई परीक्षाओं में एसटी के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा फीस भी नहीं ली जाती है। सारी दलील सुनने के बाद हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने प्रार्थी मनोज कुमार कच्छप के पक्ष में फैसला सुनाया और याचिका निष्पादित कर दी।




# हजारीबाग-कोडरमा के शिवालयों में उमड़े भक्त

### रुद्राभिषेक को लेकर लगी रही भक्तों की लंबी कतार

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में पूजा और रुद्राभिषेक के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान महामृत्युंजय मंत्र और हर हर महादेव के जयकारे से पुरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। प्रखंड के प्रसिद्ध बुढ़िया माता मन्दिर, बनासटांड़ शिवमंदिर, थानेश्वर मन्दिर, गुंजेश्वर धाम, बुढ़वा महादेव, इचाक मोड़, चपरख हदारी, करियातपुर, मोक्तेश्वर मन्दिर मोकतमा, भूसाई शिवालय, भगवती मठ, मंगुरा, फुरुका, जेपी चौक दरिया, रतनपुर, देवकुली, लुंदरू समेत कई मंदिरों में पूजा अर्चना के पश्चात देर संध्या में महाआरती के बाद भोग भंडारा और प्रसाद रूपी खीर का वितरण किया गया। वहीं रात्रि को कीर्तन मंडलियों के द्वारा भक्ति जागरण किया गया। बताया जाता है कि इचाक में कई ऐसे शिवालय है जिसे सिद्धि मन्दिर के रूप में जाना जाता है। मान्यता है कि वहां सच्चे मन से मन्नत मांगने वालों की मुरादें पूरी होती है। वहीं भगवती मठ, थानेश्वर मंदिर, आरएफसी शिवालय, बनस्टांड समेत कई अन्य मंदिरों में भी शिव मंदिर में पूजा समिति के द्वारा विशेष अयोजन किया गया।





## धूमधाम से मनी महाशिवरात्रि, निकली शिव बारात

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड के मरचोई, समलडीह, बासोडीह, माधोपुर, शिवपुर, अम्बाबाद, कोठियार, टेहरो, नावाडीह, कटैया, मीरगंज, ईटाय, राजाबर, खुट्टा पंचायत के विभिन्न गांवों में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शिव के भक्तजनों ने भगवान शिव व माता पार्वती की भक्तिभाव से पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड के घोड़सीमर, मैसरवा, बाली महादेव, दुखिया महादेव, कटहरा शिव मंदिर, गणेश मंदिर, पेट्रोजलप्रपात मंदिर आदि शिवालयों में भक्तजनों ने भगवान शिव शिवलिंग व माता पार्वती पर जलाभिषेक कर फूल, बेलपत्र, धतूरा, धूप, बत्ती आदि



से पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर देर रात भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। त्योहार के दौरान किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार व स्थानीय थाना पुलिस सतर्क थी। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार सहित जवान और शिव बारात सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## ध्वजाधारी धाम में दो दिवसीय शिवरात्रि मेला शुरू

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के ध्वजाधारी धाम में दो दिवसीय शिवरात्रि मेले का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। मेले का उद्घाटन महंत सुखदेव जी महाराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव व अन्य ने किया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि, विभिन्न दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। ध्वजाधारी धाम में आयोजित दो दिवसीय शिवरात्रि मेले में बिहार-झारखंड और बंगाल से हजारों की संख्या में शिव भक्त पहुंचते हैं और 777 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ पर बसे बाबा भोले का जलाभिषेक करते हैं, ऐसी मान्यता है कि यहां आने वाले शिव भक्तों की मुराद पूरी होती है।

**सुरक्षा का है पुख्ता इंतजाम:** कोडरमा के ध्वजाधारी धाम में शिवरात्रि मेले में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, जिसको देखते हुए मेला में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही पूरे मेला परिसर के चारों



ओर सीसीटीवी लगाये गये हैं और ड्रोन कैमरे से पूरे मेला पर नजर रखी जा रही है। चूंकि शिव भक्तों के लिए 777 सीढ़ियां चढ़ना आसान नहीं हैं, इसको देखते हुए मेला आयोजन समिति के वॉलेंटियर और पुलिस जवान शिव भक्तों की सेवा में पहाड़ के अंतिम छोर तक लगे हुए हैं। कोडरमा के ध्वजाधारी धाम में पहुंचने वाले शिव भक्तों के लिए पूजन सामग्री से लेकर खाने-पीने के कई स्टॉल लगाये गये हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए झूला और मनोरंजन के साथ-साथ कई खिलौने की दुकानें लगाई गयी हैं।

**भगवान शिव कर्दम ऋषि की तपस्या से हुए थे खुश:** प्राचीन मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में ब्रम्हा के पुत्र कद्रम ऋषि ने यहां भगवान शिव की तपस्या की थी और भगवान शिव उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें ध्वजा और त्रिशूल भेंट की थी, तभी से इस पहाड़ का नाम ध्वजाधारी पहाड़ पड़ गया। शिव भक्त अपनी मन्नत को लेकर 777 सीढ़ियां चढ़कर कठिन सफर के बाद बाबा भोले को प्रसन्न करने के लिए जलाभिषेक करते हैं।

## महाशिवरात्रि पर शिवालियों में भक्तों ने किया जलाभिषेक

टाटीझरिया (आजाद सिपाही )। प्रखंड क्षेत्र में महा शिवरात्रि बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस पुण्य अवसर पर शुक्रवार को भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा अर्चना प्रखंड के हर शिवालियों में किया गया। भगवान शिव शंकर को दूध, हल्दी, चंदन, मधु से स्नान कराया गया। पंडित धर्मेंद्र पाडेय, उमेश पाडेय ने कहा कि महा शिवरात्रि के दिन जल और बेलपत्र भगवान भोलेनाथ पर चढ़ाने से मनोकामना पूर्ण होती है वही शिवशंकर को भांग, धतूरा, गांजा बहुत ही प्रिय है महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक करने से सभी संकट दूर हो जायेंगे प्रखण्ड के झरपो, भराजो, अमनारी, गोधिया, केसड़ा, डहरभंगा, टाटीझरिया, होलांग खम्भवा डूमर दुधमनिया धर्मपुर सहित शिवालियों में भक्तों ने उपवास कर दूध, जल, धतूरा, भांग, गांजा जल बेलपत्र भोलेनाथ पर अर्पण कर अपने परिवार का सुख समृद्धि के कामना किया पूरे प्रखंड में हर हर महादेव की ध्वनि से गूंज उठा शिव भक्तों ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना किया

## टाटीझरिया में ग्रामसभा का आयोजन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बांडी में धर्मपुर मुखिया कांति देवी की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 सत्र योजना के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में आम बागवानी, शौचालय, पनसोखा, कूप मरम्मती और गडवाल निर्माण को प्राथमिकता दिया गया। मौके पर रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद, रीता देवी, वार्ड सदस्य लोकनाथ गोप, हेवंति देवी, जल सहिया प्रेमलता कंचन देवी, कविता देवी, सुधा देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## त्रिवेणी सैनिक ने महिलाओं को किया सम्मानित



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना में 08 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को पूरे उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कहा गया कि महिलाओं के बिना समाज का विकास असंभव है। इस दौरान त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत महिलाओं को डायरेक्टर ऑपरेशन संजय कुमार खटोड़ ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीएसएमपीएल महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को सम्मान देने के लिए हमेशा ही मजबूती के साथ अग्रसर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर सम्मान देना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना इस दिन को मनाने का मकसद है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को देवी का रूप माना जाता है। त्रिवेणी सैनिक हमेशा ही महिलाओं के विकास और संस्था में सहभागिता के लिए काम करती रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक बिमल कुमार सिन्हा के स्वागत भाषण के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में केक काटा गया और सभी महिला कर्मियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर डीजीएम प्लानिंग एस गणेशन, जी एम प्लानिंग और सर्वे एन के साहू, डीजीएम एचआर परमजीत सिंह चौहान, एजीएम एचआर उत्तम कुमार झा और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। मंच का संचालन अरविंद कुमार दीक्षित ने किया।

## सड़क निर्माण संघर्ष समिति की बैठक



इचाक (आजाद सिपाही)। एनएच 33 से इचाक थाना भाया चंदवारा सड़क निर्माण संघर्ष समिति की बैठक शुक्रवार को साडम गांव में हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह और संचालन सचिव दीपक सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा की किसी भी कीमत पर सड़क निर्माण में गुणवता पर समझौता नहीं करेंगे। साथ ही कहा की संवेदक को जहां संघर्ष समिति की जरूरत पड़ेगी हम लोग कार्यस्थल पर खड़े होकर कार्य करवाने में सहयोग करेंगे। अगर सड़क निर्माण में किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसका समाधान भी समिति के लोग आगे बढ़ कर करेंगे। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने कहा की सड़क निर्माण में संवेदक अच्छे क्वालिटी के मटेरियल का प्रयोग करे, क्योंकि काफी संघर्ष के बाद बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण होने जा रहा है। संघर्ष समिति कई बार विभागीय मंत्री से लेकर सांसद विधायक के भी दरवाजा खटखटा चुका है। सड़क निर्माण को लेकर कई बार ज्ञापन भी सौंप कर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। सड़क निर्माण में किसी प्रकार का कोताही हुआ तो बर्दास्त नहीं करेंगे। शनिवार को पारटांड़ टोला भुसाई में समिति की बैठक रखी गई, ताकि सड़क निर्माण में कोई समस्या नहीं आये। जहां ग्रामीण सड़क के किनारे की जमीन को अतिक्रमण किये है उसे स्वेच्छा से छोड़ दें नही दी प्रशासनिक सहयोग लिया जायेगा। बैठक में पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता, बिनोद सिंह, उपेंद्र मेहता, अशोक सिंह, ललन सिंह, अखिलेश सिंह, शंभूनाथ सिंह, मनोज सिंह, संजय मेहता उर्फ गांधी, नीरज कुमार, कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, रंजीत सिंह, राजन कुमार, अनिल मेहता, शिव कुमार, कृष्णा पांडे, सुनील पांडे, सेंटु सिंह, मनोज मेहता समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी शिव बारात



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। महाशिवरात्रि को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालय दिन भर शिवभक्तों से गुलजार रहे। अहले सुबह से भक्तों का रेला लगा रहा। महाशिवरात्रि को लेकर सभी शिवालयों को फूल-माला और विद्युतीय प्रकाश से आकर्षक साज-सज्जा की गयी थी। भगवान शिव के सुंदर भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कई शिवभक्तों ने जलाभिषेक तो कई ने रूद्राभिषेक भी किया। प्रखंड में सबसे अधिक भीड़भाड़ बनासो के बागेश्वरी मंदिर प्रांगण में स्थित बाबा भोलेनाथ मंदिर, भास्करधाम स्थित शिव-पार्वर्ती मंदिर, बाजारटांड राम मंदिर के प्रांगण में स्थित प्राचीन शिवालय, हेठली बोदरा के मुखर्जी पुल स्थित सिहेंश्वर धाम, फॉरेस्ट कॉलोनी शिव मंदिर, ब्लॉक शिव मंदिर, अखाड़ा चौक शिव मंदिर समेत अन्य कई शिवालय रहे। शिवरात्रि पर दोपहर बाद विष्णुगढ़ थाना स्थित शिव मंदिर, फॉरेस्ट कॉलोनी शिव मंदिर, भास्करधाम शिव-पार्वती मंदिर, तैलिक मुहल्ला आदर्श क्लब द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य शिव बारात और शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें शिव-पार्वती समेत भूत-बैताल की जीवंत झांकी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही। शिव बारात में खूब पटाखे छोड़े गये और अबीर गुलाल की होली खेली गयी। रात में मंदिर में शिव-पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर आचार्य पुरेन्द्र ने कहा कि शिवरात्रि के मौके पर जो भक्त जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करते हैं उनके मनोकामना अवश्य पूर्ण होता है, अभीष्ट फल की प्राप्ति होती हैं। कई जगहों पर भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। प्रखंड के मड़मो, नरकी, खरकी, सिरैय, अचलजामो, चानो, नागी, बनासो, नवादा, चेडरा, खरना, गोविन्दपुर, भेलवारा, अलपीटो, बरांय, गैड़ा, कुसुंभा, बकसपुरा, जोबर, गाल्होबार, सारूकुदर, बेड़ा हरियारा आदि पंचायत के शिवालयों में भी पूजा पाठ समेत कई कार्यक्रम संपन्न हुए।

# शिवरात्रि महापर्व के मेले में उमड़ा जन शैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुढ़वा महादेव महूदी पहाड़ के साथ प्रखंड के तमाम शिवालयों में भक्ति भाव से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गयी और कई गांव में शिव बारात और झांकी निकाली गयी।

बड़कागांव प्रखंड के महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की गयी और बड़कागांव राम जानकी मंदिर से शिव बारात व झांकी बड़कागांव सूर्य मंदिर थाना रोड होते हुए छावनिया के बाद बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर पहुंचा इस बीच बड़कागांव, छावनिया से लेकर मंदिर परिसर





तक पुलिस प्रशासन की मुस्तादी देखी गयी वही मंदिर परिसर में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा खीर वह प्रसाद का वितरण किया गया।

दूसरी ओर प्रखंड के हरली, बादम, सांढ़, नापो, गोंडलपूरा, चंदौल, बरवाडीह, सिकरी, तलस्वार, सिमरतरी, विश्रामपुर, सोनपुरा, मिजार्पुर समेत दर्जनों गांव में पूजा अर्चना की गयी और झांकी निकाला गया।

बुढ़वा महादेव में शामिल शिव बारात वह झांकी में मुख्य रूप से बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव, महाशिवरात्रि पूजा समिति बड़कागांव, बुढ़वा महादेव सेवा समिति करणपुरा क्षेत्र बड़कागांव के पदाधिकारीओं का सराहनीय योगदान रहा।

मौके पर मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो आजसू वरिष्ठ नेता उमेश दांगी, जिप सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बच्चन देव कुमार, मुखिया पारसनाथ, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, बीडीओ जितेंद्र मंडल, सीओ बालेश्वर राम, इंस्पेक्टर अनिल सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह बीपीओ हीरो महतो, अरुण कुमार, कनीय अभियंता जयप्रकाश, शिव शंकर कुमार, पिंटू कुशवाहा समेत हजारों लोग मौजूद थे।

# सौरभ बने आवास विभाग में जूनियर इंजीनियर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड सरकार द्वारा रांची में राज्यस्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़कागांव प्रखंड के सिंदवारी पंचायत के ग्राम सोनबरसा निवासी नेमधारी राम और अनीता देवी के पुत्र सौरभ ऋषि को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सौरभ ऋषि का चयन जेएससीसी के द्वारा हाल ही में संपन्न नियुक्ति परीक्षा के पश्चात कनीय अभियंता के रूप में हुआ है। सौरभ ऋषि नगर विकास और आवास विभाग में बतौर



कनीय अभियंता पदस्थापित किया गया। सौरभ ऋषि का प्रारंभिक शिक्षा सोनबरसा के ही प्राथमिक विद्यालय और बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय से हुई है उसके पश्चात गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज रांची से 2015 18 सत्र से पॉलिटेक्निक की परीक्षा पास कर रांची में रहकर ही पढ़ाई कर रहे थे। पुत्र की उपलब्धि पर पिता नेमधारी राम, माता अनिता देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के नगर विकास और आवास विभाग में कार्य करने का अवसर मिलना उनके परिवार के लिए गौरव की बात है। सौरभ ऋषि की सफलता पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी, अंकित राज उर्फ सुमित, बहन चांदनी कुमारी, स्नेहा भारती, बहनोई पिंटू कुमार दास, सावन कुमार दास, मामा वेदनारायण राम, ऋषभ कुमार, खुशी भारती, गणेश रविदास, गोविंद राम, अमन कुमार दास, दिनेश राम उर्फ गुड्डू, प्रोफेसर मोहन कुमार दास, मुनेश कुमार, गौतम, संतोष, संजय, पंकज साहू, फुलेश्वर राम, भिकन राम, फयूम अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, रोहित सिंह, केरेडाडी कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास




### कोई भी गांव विकास से अछूता नही केंद्रीय मंत्री: अन्नपूर्णा देवी

### करोड़ों की लागत से होगा 11 सड़क और एक पुलिया का निर्माण व मरम्मती: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के 11 सड़कों और 1 पुल के निर्माण और मरम्मती कार्यो का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा प्रधानमंत्री नेतृत्व में देश मे विकास की तस्वीर खींची जा रही है साथ ही विकास के लिए महत्वपूर्ण सड़को व पुल पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। पिछले पांच सालों में पचास वर्षो की कसक को हटाने का प्रयास है। वही विधायक अमित कुमार यादव ने कहा हर एक गांव सुखी व समृद्ध हो इसको लेकर गांव गांव सड़को से जोड़ने की महती योजनाएं क्रियान्वित हो रही है आने वाले दिनों में भी यह विकास का पहिया तेज गति से चलेगा। उन्होंने संवेदक खुशी इंटरप्राइजेज, एसके इंटरप्राइजेज, कामधेनु आवास प्रा लिमिटेड को निर्देश दिया कि ससमय व गुणवत्ता पूर्ण कार्यो का सम्पादन करें कोई कोताही नहीं बरतेंगे । कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक और भोला प्रसाद ने किया टिंकू प्रसाद ने किया वही मौके पर जीप सदस्य कुमकुम देवी, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, केदार साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, अध्यक्ष भोला प्रसाद, देवेन्द्र पाण्डेय, सुरेन्द्र पांडेय, रीतलाल प्रसाद, महामंत्री इन्द्रदेव यादव, छोटेलाल मेहता, समन ठाकुर, मो खलील अंसारी, विजय यादव, जीवन यादव, शंकर ठाकुर, दिलीप कुमार, गौतम नारायण सिंह, सुभाष सोनी, बुलाकी मंडल, मनोज कुमार, राजकुमार प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, हिरालाल प्रसाद, गौतम कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

# बड़कागांव में फायरिंग में बाल-बाल बचा मुखिया पुत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** मुखिया के पुत्र पर फायरिंग होने से बाल-बाल बचने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मुखिया द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने और जान माल की सुरक्षा करने की मांग की गयी है। मामला बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव कुमार यादव के पुत्र करण कुमार के साथ घटित होने की बात कहीं गयी है। इस संबंध में मुखिया वासुदेव यादव द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देते हुए कहा गया है कि दिनांक 7 मार्च 2023 को करीब 6:30 बजे मेरा पुत्र बादम बस स्टैंड में सैलून दुकान में बाल कटाने के लिए बैठा था। इसी बीच अमरेश राणा नामक युवक पहुंच कर मेरे पुत्र को टारगेट में लेते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। मेरा पुत्र किसी प्रकार जान बचाकर अपना



गांव गोंदलपुरा पहुंचा। इस दौरान अमरेश राणा द्वारा कहा जा रहा था इसे जान से मार दो। घर पहुंचने के बाद घटना की जानकारी पुत्र द्वारा दी गयी। फायरिंग का आवाज सुनकर आसपास के लोग भागने लगे। आवेदन में कहा गया है कि अमरेश राणा अपराधी किस्म का व्यक्ति है। वह लातेहार जिला के बालूमाथ का रहने वाला है। फिलहाल अपने ससुराल गोंदलपुरा में भीखू राणा के घर रह रहा है। मेरे घर में वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा है। मुझे डर है कि मेरे परिवार या मेरा पुत्र को अपने सहयोगियों के साथ हमला कर हत्या कर सकता है। आवेदन में थाना प्रभारी से कार्रवाई करते हुए जान-माल की सुरक्षा की मांग की गयी है।

## सड़क निर्माण के ठेकेदार का अपराधियों ने किया अपहरण, एक घंटे बाद छोड़ा

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। सड़क निर्माण के कांट्रैक्ट ठेकेदार को नकाबपोश अपराधियों ने रिवाल्वर के नोक पर अपहरण किया। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस के दबिश के इसके कारण लगभग एक घंटा के अंदर ही अपहृत ठेकेदार मुक्त हो गया। घटना 7 मार्च की है। प्राप्त समाचार के अनुसार बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम से पसेरिया सड़क निर्माण में नागदेवतरी पुल के पास हरली गांव निवासी दीपेंद्र कुमार ने सड़क निर्माण संवेदक से गार्डवाल का कार्य कॉन्ट्रैक्ट में ले रखा है। इसी गार्डवाल निर्माण कर रहे ठेकेदार दीपेंद्र को 7 मार्च को लगभग 11:00 बजे तीन नकाबपोश अपराधी आकर कार्यस्थल पर रुका। रुकते ही दीपेंद्र के कनपटी में रिवाल्वर सटाकर मोटरसाइकिल में बैठाकर मल्टी घाटी की ओर ले गया। इसकी सूचना तुरंत बड़कागांव पुलिस को मिलते ही मल्टी जंगल में पुलिस की दबिश बढ़ गई। पुलिस की दबिश बढ़ते देख अपराधियों ने विजेंद्र को छोड़ दिया। जाते-जाते अपराधियों ने विजेंद्र को धमकी दे गया है कि हम लोग के आका से संपर्क कर लो अन्यथा अंजाम बुरा होगा। अपहृत कॉन्ट्रैक्ट ठेकेदार से बड़कागांव पुलिस ने पूरी घटना क्रम का कलम बंद कर जांच शुरू कर दी है। किस संगठन या गुट का नकाबपोश अपराधी थे यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## झारखंड राज्य महिला समाज ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य महिला समाज जिला इकाई कोडरमा के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बहुत ही धूमधाम से साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में झारखंड राज्य महिला समाज के जिला अध्यक्ष बसमतिया देवी की अध्यक्षता में किया गया। संचालन जिला सचिव बसंती देवी उर्फ बलवा देवी ने किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि जिस देश में नारी की पूजा होती है, जिस देश में लक्ष्मी सरस्वती की पूजा होती है। इस देश में रसोइयों को मात्र 60 रुपये में दिनभर काम लिया जाता है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि मौजूदा सरकार एक तरफ महिला सशक्तीकरण का नारा लगा रही है, दूसरी तरफ आंगनवाड़ी, आशाकर्मी, स्कीम वर्कर के तौर पर कार्यरत महिलाओं के श्रम का जबर्दस्त शोषण कर रही है। पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि जहां तक भारत की बात है, यहां लगभग 95 प्रतिशत महिलाएं गुलाम हैं। वे घरेलू कामों में फंसी हुई हैं। इस वजह से उनका व्यक्तित्व विकास नहीं हो पा रहा है। झारखंड राज्य महिला समाज के जिला अध्यक्ष बसमतिया देवी और जिला सचिव बसंती देवी उर्फ बलवा देवी ने कहा कि आज हमारे देश में सबसे ज्यादा पूजापाठ महिलाएं ही कर रही हैं मगर सबसे ज्यादा महिलाएं ही सतायी जा रही हैं। सम्मेलन को अंजू देवी, प्रिया यादव, कलावती देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, मालती देवी, सिकंदर कुमार, दशरथ पासवान, असगर अली, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान, उदय भारती, रंजीत भारती ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में किरण देवी, प्रमिला देवी, रूपा देवी, चिंता देवी, बसंती देवी, दुलारी देवी, पार्वती देवी, कंचन देवी, युमनी खातून, रुक्मिणी देवी, फरजाना खातून, रेखा देवी, विमला देवी, शांति देवी आदि मौजूद थे। धनबाद ज्ञापन अंजू देवी ने किया।

## मोटरसाइकिल और शराब के साथ तीन गिरफ्तार

सतगावां (आजाद सिपाही)। सतगावां थाना क्षेत्र के नरायडीह बाली महादेव माधोपुर रोड में शुक्रवार को सतगावां पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत दो मोटरसाइकिल सहित तीन लोगों को रॉयल स्टैग का 28 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो मोटरसाइकिल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार के निर्देश पर छापेमारी में एएसआइ निशाद अहमद अपने दल बल के साथ उपस्थित थे। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने कहा कि पकड़े गये शराब के साथ युवक अशोक चौधरी (30 वर्ष, पिता भोला चौधरी ग्राम रामनगर थाना जमशेदपुर), मिथुन पंडित (27 वर्ष, पिता द्वारिका पंडित), अवधेश कुमार (26 वर्ष, पिता द्वारिका चौधरी) दोनों ग्राम खरसुबीघा थाना कादीरगंज नवादा बिहार के हैं।

## चेन छिनतई की घटनाओं में बढ़ोतरी




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** टाउन थाना क्षेत्र में झपट्टामार गिरोह सक्रिय है। बाइक सवार दो संदिग्ध युवक महिलाओं से चेन छिनतई कर रहा है। जिसके कारण शहरवासी काफी परेशान है। मामले को लेकर दो संदिग्ध युवकों का फोटो वायरल हुआ है। जिसे देखते ही थाने को सूचित करने का आग्रह किया है। इस मामले को लेकर शहर के लोगों ने रामगढ़ थाना प्रभारी से मिलकर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जानकारी के अनुसार आजसू नेत्री अनुपमा सिंह कल देर शाम बिजुलिया तालाब रोड से अपनी घर जा रही थी। इसी दौरान रैकी कर बाइक सवार दो युवक आया और अनुपमा सिंह पर हमलाकर चेन छीनने का प्रयास किया। लेकिन अनुपमा ने किसी तरह चेन बचाने में कामयाब रही। हालांकि बाइक सवार युवक भागने में सफल रहा। जिसके बाद उस रूट में लगे सीसीटीवी को देखा गया। जिसमें बाइक सवार संदिग्ध दो युवक दिखाई दे रहे है। जिसके बाद आजसू नेताओं के साथ अनुपमा सिंह थाना पहुंचकर मामले की जानकारी थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को दिया। साथ ही संदिग्ध युवकों की तस्वीर उपलब्ध कराया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। इधर सोशल मीडिया में दोनों संदिग्ध युवकों की फोटो वायरल कर दिखने पर थाना को सूचित करने का आग्रह किया गया है।

## अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस द्वारा झारखंड से बिहार ले जा रही एक ट्रक से 320 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी और ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र गोसाईंडीह के समीप बीआर06जीई/1889 नंबर की डीसीएम ट्रक पर लकड़ी के भूसे से भरे दो सौ बोरी के नीचे चावल की बोरी में भरकर रखें 320 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। इन पेटियों में नाइट गर्ल व्हिस्की की 750 एमएल की कुल 3840 बोतल बरामद की गयी और मौके पर बिहार प्रदेश के मोतिहारी जिले के सकरा थाना क्षेत्र के मनियारी गांव का रहने वाला प्रेम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान वाहन चालक ने पुलिस को बताया कि यह शराब की बोतले रांची से बिहार के मुजफ्फरपुर ले जा रहा था। इस चेकिंग अभियान में हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज चौधरी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक महातम सिंह, सोमारू राम समेत हंटरगंज थाना पुलिस के जवान शामिल थे।

## किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलहेत पंचायत में एकदिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग के आत्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में किसानों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम जैसे मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना, आत्मा प्रत्यक्षण कार्यक्रम के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा पौधों में लगने वाले विभिन्न बीमारियों के रोकथाम और बचाव के लिए जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र भुइयां, बीटीएम मुकेश कुमार सिंह, एटीएम राजेश कुमार, किसान मित्र और सैकड़ों किसान उपस्थित थे। अंत में मछली भात के सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी।

## रोटरी क्लब देगी महिलाओं को सिलाई मशीन, की घोषणा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के अध्यक्ष और स्माइल केयर डेंटल क्लिनिक के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक रतन चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिले के छह जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नि:शुल्क में सिलाई प्रदान करने की घोषणा की है। डॉ आलोक ने बताया कि रोटरी क्लब रामगढ़ हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर काम करती है। यह सिलसिला हमेशा जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि क्लब के सचिव जेपी सिंह और पूरी टीम के साथ मिलकर थाना चौक स्थित रोटरी हाल का जीर्णोद्धार काम शुरू किया जायेगा। रोटरी अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा। रोटरी हाल के जीर्णोद्धार कार्य के क्लब के सदस्यों की एक कमेटी भी गठित की गयी है। कमेटी के चेयरमैन कामता सोबती को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जरूरतमंद चयनित महिला क्रमश: गुजरी देवी, पूनम देवी, लक्ष्मी देवी, झालो देवी और आरती देवी को सिलाई मशीन उपलब्ध करा दिया जायेगा। ताकि आत्म निर्भर बनकर महिलाएं अपना रोजगार कर सकें।

## श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में अखंड-पाठ का हुआ शुभारंभ, भंडारे में उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्री के पावन अवसर पर भुरकुंडा कोयलांचल का प्राचीन श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में शुक्रवार को पूजा-अर्चना के साथ 24 घंटे के अखंड-पाठ का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ बरका-सयाल के जीएम अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार आदि अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर की। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। इसके पूर्व अतिथियों ने पूरे विधि-विधान से भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। साथ ही भोले बाबा के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान ऊ नम: शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूजता रहा। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने जीएम अजय सिंह, पीओ एमके पाठक आदि अतिथियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इधर महाशिवरात्री के पावन अवसर पर भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में अहले सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ने रही। पूजा में समाजसेवी महेश्वर साहू सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर समिति अध्यक्ष गणेश साव, मुख्य पुजारी अशोक तिवारी, डब्लू पांडेय, रुदल राउत, विपुल पटेल, सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा सहित दर्जनों लोग जुटे हैं।

# एमपी के निगरी जाने वाले 32 हजार टन कोयले में मिलाया जा रहा चारकोल

**कौन है अनुराग, जिसके इशारे पर पावर प्लांट को लगायी जा रही है चपत**

**मिलावट के धंधे में स्थानीय प्लांट मालिकों और रैक कारोबारियों की चांदी**

**बीरू कुमार**



**रामगढ़।** गिद्दी इलाके से करीब 32 हजार टन कोयले को कुजू साइडिंग से मध्यप्रदेश भेजा जाना है। इसकी तैयारी के साथ-साथ हेराफेरी भी हो रही है। रैक से भेजने के लिए गिद्दी से कोयला कुजू साइडिंग के एक यार्ड में जमा किया जा रहा है। गड़बड़ी अंधेरा होते ही शुरू होती है। यार्ड में जमा कोयले में चारकोल मिला दिया जाता है। इसके बाद मिलावटी कोयले को रैक पर लोड कर गंतव्य के लिए रवाना कर दिया जा रहा है। इस खेल में कंपनी के कुछ लोग भी शामिल हैं।

**स्थानीय प्लांट मालिक और रैक कारोबारी कमा रहे लाभ:** इस पूरे खेल में सबसे अधिक नुकसान बाहर के पावर प्लांट के मालिक को हो रहा है। उनको धोखा देनेवाले उनके ही लोग हैं। इस धंधे में सबसे अधिक लाभ स्थानीय प्लांट के मालिक और रैक कारोबार से जुड़े कारोबारी कमा रहे हैं।

### अनुराग नामक शख्स है मास्टरमाइंड

सूत्रों के अनुसार इस खेल का मास्टरमाइंड अनुराग नामक शख्स है। वह खुद को महावीर नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का मालिक बताता है। मध्यप्रदेश के निगरी में गिद्दी का कोयला भेजने का ठेका उसे ही मिला है। वह स्थानीय स्तर पर सेटिंग कर पावर प्लांट को चपत लगा रहा है। अनुराग की चर्चा रैक कारोबार में खूब हो रही है।

### जिला पुलिस-प्रशासन की चुप्पी रहस्यमयी

चर्चा है कि सब कुछ बड़े पैमाने पर हो रहा है। हजारों टन कोयले में चारकोल मिलाया जा रहा है। करोड़ों रुपये की हेराफेरी हो रही है, लेकिन जिला पुलिस प्रशासन की चुप्पी सबसे ज्यादा चर्चा में है। समय-समय पर कुछ चारकोल लदे ट्रकों को पकड़ा जरूर गया है, लेकिन कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा है।

# टेकलाल महतो उच्च विद्यालय, सुगिया का मना स्थापना दिवस

**विद्यालय को अनुदान दिलाने के लिए प्रयासरत हूं: विधायक जेपी पटेल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** पूर्व विधायक रहे मेरे पिता टेकलाल महतो ने सुगिया जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में 25 साल पूर्व शिक्षा का अलख जगाने का जो प्रयास कार्य किया गया। वह सचमुच में ग्राम वासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं गौरान्वित हूं कि मैं टेकलाल महतो का पुत्र हूं। जिनके नाम से विद्यालय है। जिसमें गरीब परिवार से जुड़े विद्यार्थी अध्यनरत है। उक्त बातें मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को टेकलाल महतो उच्च विद्यालय सुगिया- धनबेड़वा के 26वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय को अनुदान दिलाने के लिए हर संभव प्रयासरत हूं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से शिक्षा पर विशेष जोर देने का आग्रह किया। इससे पूर्व, विधायक जेपी पटेल व विशिष्ट अतिथि झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो समेत आगत अतिथियों ने टेकलाल महतो और पूर्व प्रधानाध्यापक रामेश्वर महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित श्रद्धासुमन कर नमन किया। साथ ही, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर राजकुमार महतो ने क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाने वाले टेकलाल महतो को नमन करते हुए उनके दूरदर्शी सोच को याद किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूमिदाता बिगू महतो ने की। जबकि, संचालन कर रहे मोहरलाल महतो ने विद्यालय के इतिहास से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रीना कुमारी, शिक्षक हरिहर महतो, सुरेंद्र महतो, मैनेजर राम, गणपत महतो, सोमनाथ महतो, प्रेम महतो, भुनेश्वर महतो, निशा कुमारी, रीता कुमारी सहित पूर्व प्रधानाध्यापक रामेश्वर महतो की पत्नी सुशीला देवी, राजनाथ महतो, रघु विश्वकर्मा, मनोज महतो, खगेश्वर महतो, सुखदेव मुंडा, घनश्याम महतो, गणेश महतो, इंद्रनाथ महतो, लालजी महतो समेत कई अभिवावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्र पदाधिकारी ने लोस चुनाव को लेकर की बैठक

# जन बल को बनाने के लिए कार्यकर्ता ही सर्वोपरि: पीएन सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा की बैठक शुक्रवार को होटल मिलन के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। जबकि, बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह और केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जिले की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया जा रहा है। अब तक हजारीबाग, चतरा, बोकारो, धनबाद के बाद रामगढ़ में भी बैठा के की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा है। जिस पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच रखा जाएगा। वहीं आगामी 10 मार्च को जमशेदपुर में केंद्र कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है, इस बैठक के माध्यम से आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र बड़ा होता है, संगठन की भले ही 3 साल ही हुई है, लेकिन दमदार प्रत्याशी अगर मिलती है तो दमखम के साथ चुनाव मैदान में भारतीय जनतंत्र मोर्चा उतरेगी, अन्यथा लाइट माइंडेड को समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि जनतंत्र में संगठन को बढ़ाना है। जनबल को बनाने के लिए कार्यकर्ता ही सर्वपरि है।

**केंद्र कमेटी ने कार्यकर्ताओं को शिक्षित, दमखम के साथ लड़ेंगे चुनाव: सुनील सिंह:** बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि केंद्र कमेटी के निर्देश पर बैठक आयोजित की गयी है।

बैठक में सोमनाथ रॉय, राहुल कुमार, अभय कुमार सिंह, दुर्गा प्रसाद महतो, नितेश ओझा, रशीद अंसारी, श्याम महतो, अभिषेक सिंह, विकाश सिंह, सुधेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

# शिवालयों में उमड़ा शिव भक्तों का जनसैलाब

**महाकाल मंडली ने किया और टूट भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व जिले में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही भीड़ दिखाई दी। शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों का जनसेलब उमड़ना शुरू हो गया। जहां, श्रद्धालुओं ने तड़के ही शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। वही, शिवालियों में शिव भक्तों के द्वारा लगायी जा रहे हैं, हर हर महादेव के नारों से शहर गुंजायमान हो गया। शिव भक्तों ने बताया कि आज के दिन हम सब उपवास रखकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर आराधना करते हैं, जिससे मन की असीम शांति मिलती है, साथ ही सभी तरह की मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

जय श्री महाकाल मंडली ने किया और अटूट भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जय श्री महाकाल मंडली के तत्वावधान में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सर्वप्रथम बाबा श्री महाकाल का श्रृंगार दरबार की पूजा, विशाल भंडारे में भोग, शाम में महा आरती और भांग का दूध का प्रसाद, और रात्रि कीर्तन व झांकी शिव पार्वती पर आधारित पेश की गयी।

**शिव मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया:** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विभिन्न शिवालयों मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज से सजाया गया, जो देखते ही बन रहा था।

### महाशिवरात्रि पर ओम नम: शिवाय से गूंज उठा शिवालय



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा मंदिर पर स्थित 21 फीट का शिवलिंग भक्तों ने पूजा अर्चना की रजरप्पाकोयलांचल क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शिव भक्तों द्वारा शिव मंदिरों में विधि विधान से फल -फूल बेलपत्र,नारियल,धतूरा धूप-अगरबत्ती एवं घी के दिया जलाए, शिव मंदिरों में ओम नम: शिवाय हर हर महादेव और बोल बम उद्घोष व भगवान शिव के मंत्रो -उच्चारण से शिवमय हुआ पूरा क्षेत्र, रजरप्पा मंदिर क्षेत्र में स्थापित विशालकाय शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया, अपनी-अपने कामना पूरी के लिए श्रद्धालुओं द्वारा मन्नतें मांगी, महाशिवरात्रि पूजा को लेकर जगह-जगह पर डीजे साउंड और लाउडस्पीकर से शिव भक्ति की गीत गूंजते रहे जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हुआ तथा भक्ति मे डूबा रहा, पूजा अर्चना को लेकर सुबह दोपहर तक शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए जुटी रही, भोले बाबा के भक्ति गीतों से युवक जुवतियां खूब झूमे नाचे गये। प्राचीन शिव मंदिर कैथा में सुबह 5:00 से देर शाम तक पूजा अर्चना के लिए शिव भक्त कतार में खड़े रहे महाशिवरात्रि का अवसर पर प्राचीन शिवालय मंदिर कैथा में जागरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी विशिष्ट तिथि पंचायत के वार्ड सदस्य देवधारी महतो रोशन कुमार महतो, राजेंद्र महतो, गणेश महतो, रतन महतो, विकास महतो उपस्थित हुए मुख्य अतिथि के द्वारा भक्ति जागरण का फीता काटकर और दीप प्रज्वलित उद्घाटन किया । कार्यक्रम का संचालन ने किया, जिसमें एक से बढ़कर एक कलाकारों द्वारा झांकियां प्रस्तुत किए जिससे श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर महा भोग प्रसाद खीर का वितरण किया, जहां सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया।

## यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू सिनेमा हॉल के पास सात दिवसीय श्री श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ शुक्रवार को मंत्र उच्चारण और विधि विधान के साथ भव्य कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकाल कर शुरुआत की गयी। इसमें गाजे बाजे के साथ निकले महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा में भाग ली। जो यज्ञ मंडप स्थल से पैदल चलकर नकारी नदी पहुंचे। जहां विधि-विधान के साथ कलश में जल भरने का कार्यक्रम पूर्ण किया गया। क्लास में जल भरकर जयनगर रोड भगत सिंह चौक ब्लॉक मोड आदि जगहों पर भ्रमण करते हुए वापस यज्ञ स्थल यज्ञ स्थल पर पहुंच कर कलश यात्रा को समाप्त किया गया। इस मौके पर यज्ञ कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ मुखिया गिरजेश कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता, मुन्नीलाल सिंह, डॉ संजय सिंह, अजय अग्रवाल, गुड्डू सिंह, राजेश गुप्ता, उदय अग्रवाल, बजरंग कुमार, वकील शर्मा, चंदन गुप्ता, सुदामा प्रसाद, नारायण साव, हृदय सिंह, सुरेश कुमार गुप्ता, सरोज प्रसाद सहित समिति के अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत रोचाप गांव निवासी इबरार अंसारी, (50) और अब्बास अंसारी (50) अपने घर से बाइक से सयाल जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान पालू मुख्य पथ स्थित मैक्स हॉस्पिटल के आगे विपरीत दिशा से आ रहे मारुति बलेनो कार जेएच 01 डी एफ 5474 से जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना के सूचना मिलने ही पतरातू पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स भेज दिया गया। पुलिस द्वारा कार चालक रिफिल टोप्पो जो सयाल इमली घोड़ा से डकरा जा रहे थे उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वही इबरारार अंसारी और अब्बास अंसारी की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी है। मौत की जानकारी होने के बाद ग्रामीणों द्वारा पतरातू रांची मुख्य मार्ग खेरा मांझी के पास जाम कर दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा टायर जलाकर विरोध किया गया। 2 घंटा आवागमन बाधित रहा इससे आम लोगों को काफी आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी मिलने के बाद सीओ पतरातू अमीत भगत, बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। उसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता की कहा कि सरकारी नियम अनुसार मृतक के परिजनों को लाभ दिया जायेगा उसके बाद ग्रामीणों ने जाम स्थल हटा दिया।

## जेएसपी फाउंडेशन ने मनाया महिला दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का विषय है महिलाओं के लिए निवेश करें, प्रगति मे तेजी लाये। इस अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने समाज की प्रत्येक महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की महिलाएं मानव समाज की वास्तविक वास्तुकार हैं। उनकी कृपा से प्यार और रचनात्मकता, इस दुनिया को रहने के लिए बहुत खूबसूरत जगह बना रही है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने ग्रामीण महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यकर्मों का आयोजन किया। जिसमें जेएसपी फाउंडेशन पतरातू के द्वारा स्वास्थ्य संगिनी, जिंदल गर्ल्स फुटबॉल टीम और जिंदल आशा की बच्चियों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सतत आजीविका और महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत आकृति प्रयोजना के माध्यम से विभिन्न स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों की प्रदर्शनी बिक्री पतरातू डैम के पास आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता और सीओ अमित भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम पुरषोत्तम, बीएपी अभिषेक कुमार वर्मा, लबगा पंचायत की मुखिया किरण देवी उपस्थित थीं।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष बने संजीव, दी बधाई



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने जिले के कई प्रखंड के मंडल अध्यक्ष का सूची जारी किया है। इसमें टंडवा मंडल अध्यक्ष के रूप में सिसई निवासी संजीव पांडेय को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में विधायक प्रतिनिधि शशी चौरसिया, गणेश गुप्ता, राजेंद्र नायक, बबलु गुप्ता, विकास मालाकार, राजेन्द्र नायक, महेंद्र यादव, अजय सिंह, जगदीश महतो, बबलू सोनी, धनन्जय कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद गुप्ता आदि का नाम शामिल है।

## शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा बाजार टांड, चुंदुरु धाम, थाना परिसर, एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा, राहम शिव मंदिर, दुन्दुआ, गाडीलौंग, सराढु, गोनंदा महादेव मठ, होनहे शिव मंदिर, बिंगलात, खदैया, मिश्रोल, पदमपुर, धन गड़ा सहित गांवो में महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगीं रही। क्षेत्र के शिव भक्तो ने भगवान शिव शंकर के शिवलिंग पर जला अभिषेक किया और जीवन की उज्वल भविष्य का कामना की गयी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या : TRD/OT/17/GMO-GHD-PSI/23-24, 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : N.S.C.B. Gomoh-Garhwa Road-Augmentation of Overaged PSI equipments (HVCB, LVCB, Interrupter, 120KV L.A.) & associated fittings कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह, 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,94,89,974.88 निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, 3. बीड सिक्युरिटि : ₹2,47,500/–, 4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तिथि – 28.03.2024 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 28.03.2024 को 11:30 बजे। 5. वेबसाइट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./
पूमरे/धनबाद

पीआर/02467/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23-24/28

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: EL-proj-DNR-ETEN-02-23-24** **दिनांक–29.02.2024**

**1.0 कार्य का नाम एवं स्थान :** Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 2x25KV feeder line work with 25KV OHE modification works to meet 3000 MT loading target for Gomoh-Patratu Section's UP & DN line of Dhanbad Division under E.C. Railway (Total 127/254 RKM/TKM). **2.0 कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये 770072034.10, **3.0 निविदा फार्म की कीमत :** रूपये 0.00, **4.0 आवश्यक बयाना राशि :** रूपये 4000400.00/–, **5.0 निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक– 14.03.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 28.03.2024 को 12:00 बजे। **6.0 वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। **7.0 पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ रेल परियोजना/ दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन – 801105

**उप मुख्य विद्युत अभियंता**
**रेलवे परियोजना, पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/02478/आरपी/ईएलईसी/टी/23-24/40

# फिर वही मुकाबला

अमेरिका में नवंबर में होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया उस अहम मुकाम पर पहुंच गयी, जब यह लगभग तय हो गया कि मुकाबला इस बार भी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच ही होगा। सुपर ट्यूजडे के नतीजों ने दोनों को अपने प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे साबित कर दिया और फिर अगले दिन निकी हेली ने रिपब्लिकन प्रत्याशी बनने की होड़ को स्थगित करने की घोषणा कर रहा-सहा संदेह भी मिटा दिया। 1956 के बाद पहला मौका है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में लगातार दूसरी बार पुराने प्रत्याशी ही आमने-सामने होंगे। दूसरी बात यह कि दोनों ही प्रत्याशी बुजुर्ग हैं। बाइडन (81 साल) तो मौजूदा कार्यकाल में ही अमेरिकी इतिहास के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति रहे हैं, ट्रंप भी 77 साल के हो चुके हैं। दिलचस्प यह भी है कि आम अमेरिकी इस मुकाबले को खास पसंद नहीं कर रहा। फरवरी में हुए एक सर्वे में शामिल दो तिहाई नागरिकों ने कहा था कि बाइडन की उम्र सरकार में काम करने की नहीं रह गयी है। ट्रंप के बारे में भी करीब आधे लोगों ने यही बात कही थी। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर लगे गंभीर आरोप भी इन चुनावों को खास बना रहे हैं। यह तय नहीं है कि इन आरोपों पर कोर्ट का फैसला कब आयेगा। अगर चुनाव से पहले ही कोर्ट का फैसला ट्रंप के खिलाफ आ गया तो क्या होगा, इस पर भी सबकी नजरें हैं। ये आरोप राष्ट्रपति चुनाव के दौरान दोनों पक्षों में असाधारण कटुता भी ला रहे हैं। जहां बाइडन, ट्रंप को अमेरिका के अस्तित्व के लिए खतरा बता चुके हैं, वहीं ट्रंप आज भी दावा करते हैं कि 2020 में वही चुनाव जीते थे। इन घरेलू मसलों को छोड़ दिया जाये तो दोनों में से कोई भी जीते, अमेरिका की विदेश नीति में किसी बहुत बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-हमास युद्ध में संतुलन दिखाने वाली कुछ कवायदों को छोड़ दिया जाये, तो फिलहाल अमेरिका के सामने ज्यादा विकल्प नहीं दिखते। दूसरी तरफ चीन की बढ़ती आक्रामकता पर अंकुश लगाने की जरूरत आगे भी अमेरिकी रुख तय करने में अहम भूमिका निभायेगी। ध्यान रहे, अमेरिका से पहले ही भारत में भी आम चुनाव होने वाले हैं, लेकिन दोनों देशों के आपसी रिश्ते इस स्थिति में पहुंच चुके हैं कि नेतृत्व परिवर्तन से इस पर खास फर्क पड़ने की बात नहीं सोची जा सकती। हालांकि अपने पिछले कार्यकाल में डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ पर अप्रत्याशित रुख ने कुछ सवाल खड़े किये थे, लेकिन करीबी और दोस्ताना रिश्तों के लंबे इतिहास में अपवादस्वरूप आनेवाले उन पलों को एक हद से ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती।

**ध्यान रहे अमेरिका से पहले ही भारत में भी आम चुनाव होने वाले हैं, लेकिन दोनों देशों के आपसी रिश्ते इस स्थिति में पहुंच चुके हैं कि नेतृत्व परिवर्तन से इस पर खास फर्क पड़ने की बात नहीं सोची जा सकती।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत न केवल दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, बल्कि दुनिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली देश भी बनेगा। तर्क-वितर्क करने वाले भारतीयों का युग अब बहुत पीछे छूट चुका होगा। अनुरूप भारतीय के युग का उदय होगा। हमें दुनिया में हमारे सही स्थान पर पहुंचाने के लिए एक या 2 आदेशों की ही आवश्यकता होगी।**

# तर्क-वितर्क करनेवाले भारतीयों का युग अब बहुत पीछे छूट गया

जूलियो रिबैरो



अयोध्या में अपने वन-मैन शो के बाद जहां वह रामजन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन समारोह में सभी की निगाहों का आकर्षण थे उसे देख कर लगता है कि नरेंद्र मोदी एक बादल पर सवार हैं। जब उन्होंने गहरे समुद्र में गोता लगाने की कोशिश की और उस पवित्र उद्यम के लिए समुद्र तल पर बिछायी गयी चटाई या कालीन पर प्रार्थना की, तो उनके वफादार अनुयायियों को किसी ने बताया कि वह कंपनी के लिए 4 भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतरिक्ष में जाने वाले थे। उनमें से 3 भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन और चौथा विंग कमांडर था।

मैंने इन भोले-भाले कट्टरपंथियों में से एक को समझाया कि हमारे प्रिय प्रधानमंत्री केवल उनके भारतीय वायुसेना विमान पर जा रहे थे। उन्हें अपने मिशन में प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण आधार बनाया गया था और उन्हें अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए न तो प्रशिक्षित किया गया था और न ही अनुकूलित किया गया था। निःसंदेह, उस आदमी ने मुझ पर विश्वास नहीं किया। यदि मोदी सुरक्षा के रूप में केवल ऑक्सीजन मास्क के साथ अपने प्रार्थना वस्त्र में समुद्र में गहराई तक गोता लगा सकते हैं, तो निश्चित रूप से वह अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा पहने जाने वाले सामान्य गियर के साथ या उसके बिना भी अंतरिक्ष से निपटने में सक्षम होंगे। और मोदी आखिर किस चीज के लिए प्रार्थना कर रहे होंगे? शायद आगामी लोकसभा चुनाव में जीत के लिए? सभी पंडित उनके लिए तीसरे कार्यकाल की भविष्यवाणी कर रहे हैं। चूंकि विजय निश्चित थी, इसलिए उन्हें द्वारका में समुद्र की सतह से बहुत नीचे गोता लगाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ी। संभवतः यह जीत से कहीं अधिक, क्लीन स्वीप के लिए प्रार्थना थी, ताकि वह यह साबित कर सकें कि भारत लोकतंत्र की जननी है।

**भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे ने कई हिंदू भाइयों और बहनों के जीवन में गौरव की एक बड़ी किरण ला दी है।**

और वह किस प्रकार का लोकतंत्र होगा? चीन या उत्तर कोरिया की तरह जो एक सर्वोच्च शासक और एक सर्वव्यापी पार्टी का दावा करते हैं? भारत न केवल दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, बल्कि दुनिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली देश भी बनेगा। तर्क-वितर्क करने वाले भारतीयों का युग अब बहुत पीछे छूट चुका होगा। अनुरूप भारतीय के युग का उदय होगा। हमें दुनिया में हमारे सही स्थान पर पहुंचाने के लिए एक या 2 आदेशों की ही आवश्यकता होगी।

यदि सभी विपक्षी नेता चुनाव से पहले पाला नहीं बदलते हैं, तो असंतुष्टों या सीधे तौर पर लालची लोगों को वफादारी बदलने के लिए लुभाने की चाल को क्रियान्वित किया जा सकता है। भाजपा हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 40:25 के बड़े अंतर से हार गयी थी। भाजपा को वोट देने के लिए 8 कांग्रेसियों की आवश्यकता थी। राज्यसभा चुनाव में भाजपा पैसे और इरादे की ताकत साबित करते हुए 7 उम्मीदवारों को लुभाने में सफल रही। बेचारे अभिषेक मनु सिंघवी! वह स्वयं के प्रति सदैव आश्वस्त थे और अप्रत्याशित क्रॉस-वोटिंग के कारण वह अपने प्रतिद्वंद्वी से बराबरी पर थे और जब रिटर्निंग ऑफिसर ने निर्धारित ड्रॉ में उनका नाम निकाला, तो उन्हें पराजित घोषित कर दिया गया। लक्की ड्रॉ द्वारा निर्धारित प्रतियोगिता में उनकी महान बुद्धि किसी काम नहीं आयी!

प्रत्येक चुनाव में जीत के लिए भाजपा की भूख चाहे वह कितनी ही महत्वहीन क्यों न हो, अब एक आदर्श बन गयी है। विपक्षी दलों के पास इस घटना का कोई जवाब नहीं है, जिससे चुनावों के निरर्थक होने का खतरा है। विधानसभा में जिनके पास बहुमत है, वे रातों-रात अल्पमत में आ जाते हैं। दुनिया का कोई भी अन्य देश लोकतंत्र की जननी की नकल करता हुआ या यहां तक कि उसके लिए प्रयास करता हुआ नहीं दिखता है! इसके लिए चाहे जो भी भगवान हों, उन्हें धन्यवाद दें! क्योंकि अगर यह दुनिया भर में एक विशेषता बन गयी, तो लोकतंत्र की परिभाषा बदलनी होगी।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हमारे देश में मतदाताओं ने बिना किसी विरोध के इस अनैतिकता को स्वीकार कर लिया है। अगर सत्ता हासिल करने के इस तरीके में मतदाताओं की पसंद को खारिज कर दिया जाता है, तो वोट देने की जहमत क्यों उठाई जाये? सबसे बड़े बैंक बैलेंस या सबसे प्रभावी प्रचार मशीन वाली पार्टी को विजेता घोषित किया जाये। इसके नेता को विधायकों को नामित करने के लिए कहा जा सकता है, जो तब उनके निर्देशों का पालन करेंगे।

यदि मतदान करने वाली जनता इस विशाल घोटाले का हिस्सा नहीं बनना चाहती है, तो उसे एकजुट होना चाहिए और मांग करनी चाहिए कि जो भी कानून निर्माता पक्ष बदलना चाहता है, उसे पहले इस्तीफा देना चाहिए और अपनी चुनी हुई नयी पार्टी के टिकट पर फिर से चुनाव लड़ना चाहिए। विभिन्न कारकों के आधार पर, कानून-निर्माता ताजा प्रतियोगिता जीत भी सकता है या नहीं भी, लेकिन मतदाताओं को बेईमान राजनीतिक चालों से धोखा नहीं दिया जायेगा।

हालांकि, यदि मतदान करने वाली जनता इन षड्यंत्रों को स्वीकार कर लेती है, जैसा कि वह अब करती दिख रही है, तो हमारे लोकतंत्र का भाग्य तय हो जायेगा, भले ही वह खुद को सभी लोकतंत्रों की जननी कहे। लुभावने प्रस्तावों के आधार पर विधायकों के पाला बदलने की संभावना से हमारे प्रधानमंत्री की प्रिय परियोजना एक राष्ट्र, एक चुनाव को नुकसान होगा। क्यों? क्योंकि लोकतांत्रिक प्रथा की इस योजना में चुनाव निरर्थक होंगे। बेशक, लोकतंत्र का हमारा भारतीय संस्करण विकसित हो चुका है। इसने खतरनाक स्थितियों से बचने के रास्ते तैयार किये हैं। यह दर्ज करना दिलचस्प है कि राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी उग्र भाजपा का मुख्य गढ़ है। अधिकांश टर्नकोट ग्रैंड ओल्ड पार्टी से हैं! ऐसा क्यों?

मेरा विचार है कि वे मूल रूप से अच्छा जीवन यापन करने के लिए कांग्रेस में शामिल हुए थे। फैसले में कुछ भी अच्छा नहीं था। ये दलबदलू अब पार्टी विद अ डिफेंस की शोभा बढ़ायेंगे। लेकिन अब से कांग्रेस और भाजपा में कोई अंतर नहीं रहेगा, क्योंकि नये प्रवेशकर्ता हिंदुत्व विचारधारा के प्रति केवल दिखावा करेंगे। भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे ने कई हिंदू भाइयों और बहनों के जीवन में गौरव की एक बड़ी किरण ला दी है।

इस संबंध में मुझे पंजाब में एक सामाजिक समारोह में एक सम्मानित सिख महिला के साथ हुई बातचीत याद आती है। उन्होंने मुझे आरोपात्मक शब्दों में बताया कि सिखों को अपनी ही भूमि में दोयम दर्जे का बना दिया गया है! मैं उसके आरोप से स्तब्ध रह गया, क्योंकि वह खुद हॉट मिलियंस कमा रही थी। मैंने उत्तर दिया, महोदया, यदि आप स्वयं को दोयम दर्जे का नागरिक मानती हैं, तो मुझे दो पायदान नीचे चौथे स्थान पर रखना होगा। चकित होने की बारी उसकी थी।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब व पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### सेविका और सहायिका को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर** । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष गुंजन यादव ने लौहनगरी के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका दीदी के बीच अनोखे पहल की। शुक्रवार को छायानगर, चंडीनगर, लालभट्टा, नंदनगर और बाबुडीह में दर्जनों सेविका और सहायिका दीदी को साड़ी भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही समाजहित में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आभार जताया। गुंजन यादव ने कहा आंगनबाड़ी के कर्मशील दीदी काफी कम मानदेय प्राप्ति के बावजूत समाज में आभाव के जीवन व्यतीत करने वाले परिवारों के साथ खड़े है। देश के भावी भविष्य और प्यारे नौनिहालों की देखभाल के साथ उनके शिक्षा की अलख जगाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समाज हित में उनके अतुलनीय सेवा की सराहना की। मौके पर मृत्यंजय यादव, मिथिलेश साव, धनराज गुप्ता समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रघुवर दास ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक लोगों की खुशहाली के लिए की कामना



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्यधाम शिवालय में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं के बीच ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने सूर्यधाम के शिवालय में देवाधिदेव महादेव, माता पार्वती, श्रीराम दरबार और सूर्य भगवान की पूजा- अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मौके पर उन्होंने जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ से झारखंड सहित ओडिशा वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। वही सूर्यधाम शिवालय पूरा दिन बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। मौके पर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत समिति के पदाधिकारी और सदस्यगण पूरे दिन श्रद्धालुओं की सेवा में तैनात रहे।

### ब्रह्मकुमारी इश्वरीय विवि में धूमधाम से मना शिवरात्रि महोत्सव

रांची(आजाद सिपाही )। रांची के पिठोरिया स्थित बाड़ू में स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की विधिवत पूजा अर्चना और विशेष आरती की गयी। साथ ही शिव भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर बीके राजमती ने शिवरात्रि के वास्तविक अर्थ पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्रचार्य एसके सिन्हा, सुजला सिन्हा, राजीव रंजन, आशुतोष द्विवेदी, नीतू अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, संपत्ति देवी सहित कई शामिल हुए।

### दस जोड़ों ने खायी साथ जीने-मरने की कसमें

रांची(आजाद सिपाही)। बड़गाईं के श्रीश्री पंचदेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्री हनुमान क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें 10 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विवाह के लिए वर और कन्या पक्ष परिवार काफी उत्साहित थे। मंदिर प्रांगण से वर पक्ष की ओर से सामूहिक बारात निकाली गयी। इसके बाद वरमाला के बाद विवाह संपन्न हुए। सभी कन्याओं के माता-पिता ने कन्यादान किये। दंपतियों ने समाज के सभी उपस्थित गणमान्य लोगों को पांव छुकर आशीर्वाद प्राप्त किये। भोजन के बाद अंत में कन्याओं को साजोसमान के साथ विदाई दी गयी। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि पूर्वजों के नाम यह विवाह समारोह आयोजित किया गया था। सभी 10 जोड़ों के माता-पिता अत्यंत ही गरीब परिवार से हैं, जो अपने बच्चों के विवाह करने में असमर्थ थे।

## बीडीओ का वाहन पलटने से मौसेरे भाई की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुचाई।** सरायकेला-खरसावां जिला के कुचाई प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम की वाहन पलटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में उनके मौसेरे भाई भोंजो सिंह बानरा की मौत हो गई। जबकि बीडीओ साधु चरण देवगम व उनका चालक मोयका सोय गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है बीडीओ प्रखंड के ओरवा पंचायत की मुखिया के घर श्रद्धाकर्म में हिस्सा लेने जा रहे थे। इसी दौरान कुचाई से जिलिंगदा जाने के दौरान खरसावां से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मृतक मुसाबनी के राहनेवले थे। घायल चालक मोयका सोय कुचाई का चौकीदार है। गाड़ी वही चला रहा था। उधर सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जमशेदपुर रेफर कर दिया गया।

## गम्हरिया में हाई विजन हाइट का भूमिपूजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया में अब ग्राहकों की मन चाहा आधुनिक सुविधाओ के साथ मुख्य सड़क से लगभग 200 मीटर की दूरी और स्वच्छ वातावरण में हाई विजन हाइट के नाम पर फ्लेट निर्माण कार्य प्रगति पर है। शुक्रवार को शिवरात्रि के शुभ अवसर पर हाई विजन हाइट के संचालक अजय त्रिपाठी के द्वारा भूमिपूजन कर इसकी शुरूआत की गयी। वैसे गम्हरिया अब गांव से शहर की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। मजदूरों का शहर माने जाने वाले गम्हरिया में अब विभिन्न कंपनी के सैकड़ो कर्मचारी रहने लगे है। उनसे प्रति दिन सड़क किनारे लगे दुकानदार भी संतुष्ट रहते है। वही गम्हरिया केरला पब्लिक के पास हाई विजन हाइट के नाम पर कुल 40 फ्लैट का निर्माण होने से ग्राहकों को काफी सहेलियां होगी ऐसा माना जा रहा है। हालांकि जमशेदपुर टाउन और सराईकेला खरसावां जिले में ग्राहकों के संतुष्टि के अनुरूप मन चाहा आधुनिक सुविधाओं के साथ फ्लेट उपलब्ध कराने वाले बिल्डर का कार्य से शहर की जनता भी संतुष्ट रहते है। इस अवसर पर गम्हरिया और आसपास के कई बुद्धिजीबी और सम्मानित लोगों ने भूमिपूजन में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### झामुमो जिला समिति की बैठक आज



जमशेदपुर (आजाद सिपाही )। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जीला समिति की बैठक 9 मार्च (शनिवार) को कदमा उलियांन स्थित शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन में दिन के 11 बजे से आयोजित की जाएगी। झामुमो जिला समिति की बैठक में केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी, केन्द्रीय सदस्य, जिला पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य,जिला सदस्य, प्रखंड,नगर के अध्यक्ष व सचिव, जिला परिषद सदस्य, प्रखण्ड प्रमुख सहित विधायकगण उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला कार्यालय सचिव प्रीतम हेंब्रम के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गयी।

## शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए झामुमो नेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर कदमा उलियान स्थित मिताली संघ मंदिर प्रांगण में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा में झामुमो नेता महावीर मुर्मू शामिल हुए। पुरोहित उत्तम चटर्जी के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ भव्य शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र भोले बाबा के जय जयकार से गूंज उठा। झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने श्रद्धालुओं के साथ बाबा भोलेनाथ से क्षेत्र वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए आशिर्वाद प्राप्त किया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर महावीर मुर्मू ने कहा कि बाबा भोलेनाथ सबको समान दृष्टि से देखकर सबका भला करते है। मनुष्य के जीवन में भी कोई भेद भाव नहीं कर सबका भला के लिए सोच की जरूरत है। इस अवसर पर प्रतीक सिंह दिनकर, रौनक सिंह चौहान, अजीत कुमार, रोशन बजरंगी,जुगनू,संदीप सिंह, रॉकी सिंह, करन कालिंदी सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे।

## महाशिवरात्रि पर एकदिवसीय मेला का आयोजन



**भंडरिया/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के मौके पर भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित अति प्राचीन जोगिया मठ मंदिर व फकीरडीही पंचायत के हारता गांव मइला नदी के शिव मंदिर साथ ही भंडरियापंचायत ग्राम मरदा मे महाशिवरात्रि के मौके पर एकदिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। आसपास के इलाकों से उमड़ी भोलेनाथ के भक्तों के द्वारा मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए विधिवत पूजा अर्चना की। महाशिवरात्रि के मौके पर प्रतिवर्ष के भाति मंदिर परिसर में भव्य मिले का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोगों की काफी भीड़ देखि जाती है। मेले के उपरांत रात्रि में आयोजक के द्वारा बाहरी कलाकारों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। आयोजक समिति में अध्यक्ष जय कुमार सिंह, सचिव दवेंद्र विश्वकर्मा, चन्द्रकांत प्रजापति कोषाध्यक्ष उदय मुण्डा, सदस्य सिंधु कच्छप, जयनाथ सिंह, विजय सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा आदि के नाम शामिल हैं।

## शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मेराल (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के सभी शिवालियों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर लगी रही। हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजाता रहा। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में शिव पार्वती विवाह, रुद्राभिषेक हवन पूजन के पश्चात महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं मुड़ल टोला शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी एवं भाजपा नेता विजय प्रसाद गुप्ता, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी के द्वारा किया गया। कलश यात्रा को सफल बनाने में सत्येन्द्र चौधरी, सुदर्शन, नागेन्द्र, कामेश्वर, वीरेंद्र, श्याम सुंदर, रमेश, अर्जुन, राजेश, कमलेश कुमार चौधरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही पूवार्रा टोला में मुखिया रामसागर महतो, अरविंद महतो, विनोद कुशवाहा, सुनील कुमार आदि के नेतृत्व में जल यात्रा निकाल कर हडही पहाड़ स्थित शिव स्थान शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। यहां प्रत्येक वर्ष की भांति मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कोचेया गांव स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य सुनेश्वर पांडेय के द्वारा विधी विधान से पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक करायी गयी। इस अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना किया. रुद्राविषेक के बाद मंदिर कमिटी के द्वारा श्रद्धालुओ के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाशिवरात्रि पर आस पास के विशुनपुरा पोखरा चौक, पिपरी, कमता, जतपुरा, अमहर गांव के विभिन्न शिवालयों में पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया गया।

## श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर मेले का उठाया आनंद



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक शिवपहाडी गुफा में महाशिवरात्रि के मौके पर आसपास क्षेत्र सहित बिहार एवं यूपी से आये लाखो श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन मेले का आनन्द उठाया। भवनाथपुर मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर पंडरिया पंचायत में प्राकृतिक छटा के बीच स्थित प्रसिद्ध शिव पहाड़ी गुफा अपने आप में कई अजूबे रहस्य समेटे हुए हैं। यही कारण है कि यह गुफा शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। शिव पहाड़ी गुफा का प्रवेश द्वार इतना संकीर्ण है कि कई लोग तो अंदर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते हैं, किंतु करवट के सहारे लगभग 100 फीट अंदर जाते ही शिवलिंग के दर्शन हो जाते हैं। उक्त स्थान पर लगभग 100 से अधिक लोग बैठकर भजन कीर्तन कर सकते हैं। उक्त स्थान प्रचंड गर्मी के बावजूद शितलता का एहसास होता है। महाशिवरात्रि के दिन आसपास सहित बिहार, छत्तीसगढ़ एवं यूपी से हजारों लोग शिव दर्शन के लिए आते हैं। शिवलिंग से करीब 30 फीट और नीचे काशी करवट जाने के बाद सूरज की सीधी किरण का भी दीदार होता है। यहां बड़ी-बड़ी चट्टानों एक दूसरे पर लगे होने एवं इतनी गहराई में जाने के बावजूद सूर्य की किरणों का दिखाना गुफा यात्रा को रोमांचक बनता है। काशी करवट के बाद अत्यंत जटिल रास्ते हैं इसके कारण कोई आगे जाने की हिम्मत नहीं कर पता है। कहा जाता है की गुफा के भीतर से ही रास्ता सोन नदी तक जाती है किन्तु इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है।

## रंका अनुमंडल थाना मोड़ सहित सभी क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर पूजा और मेला का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रंका अनुमंडल मुख्यालय के थाना परिसर स्थित भगवान शिव मंदिर में थाना प्रभारी अनिल नायक व अन्य श्रद्धालु भक्तों ने पूजा अर्चना किए और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर थाना परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। शिव रात्रि के मौके पर शिव नाला रंका, चुटिया शिव मंदिर प्रांगण सहित अन्य स्थानों पर मेला का आयोजन किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह

# आज किसी क्षेत्र में महिलाएं नहीं हैं कमजोर : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली योजनाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिर्फ एक दिन महिला दिवस मना लेने से इसके उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो सकती है। इसके लिए हम सभी को मिलकर महिलाओं का अधिकार एवं सम्मान के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनियां में किसी भी क्षेत्र में नारी कमजोर नहीं है और न ही आगे कमजोर रहेगी। जब-जब जरूरत पड़ा है महिलाओं ने पुरूषों से आगे बढ़कर बेहतर कार्य किया है। रानी लक्ष्मीबाई, पीटी उषा, पीवी सिंधु, इंदिरा गांधी सहित अनेक महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। यहां तक कि आज एक महिला सैन्य कमांडर सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्र में सुरक्षा का कमान संभाल रही है।

आज के समय में महिलाएं हरेक मोर्चे पर आगे हैं। जब राज्य के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल में डाल दिया गया तब उनकी पत्नी गृहणी महिला कल्पना सोरेन ने अन्याय के खिलाफ विरांगना की तरह मोर्चा संभाल ली। मौके पर झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, विनीता आनंद, प्रो. भारती सिंह, दीपमाला आदि ने विचार व्यक्त की।

**मंत्री ने महिलाओं को किया सम्मानित :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने समाजसेवा, खेल, शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, रक्तदान आदि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

## कृषि महाविद्यालय में पांच दिवसीय योग शिविर शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय गढ़वा के मैदान में किया गया। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के डॉ अशोक कुमार, पतंजलि के राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, सोशल मीडिया राज्य प्रभारी संतोष पांडे, जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, यज्ञ प्रभारी सुशील केसरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। योगाभ्यास रासबिहारी तिवारी के द्वारा कराया गया। योगाभ्यास के दौरान सभी आसन प्राणायाम से होने वाला फायदा को विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से हमारा तन और मन स्वास्थ्य होता है तथा हमारे जीवन में आरोग्य, सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने पतंजलि योग समिति द्वारा किये जा रहे योग सेवा कार्य की सराहना करते हुए प्रतिदिन शिविर में भाग लेकर लाभ प्राप्त करने की सलाह दी। शिविर में गोपाल मिश्रा, सूर्य देव दुबे, उपेंद्र कुमार, श्रवण कुमार के साथ महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के चटनियां पंचायत अंतर्गत पिपरडीह गांव में शुक्रवार को स्थानीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने एक सड़क निर्माण का शिलान्यास किये। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पिपरडीह मेन रोड से थमन यादव का घर होते नदी किनारे टो वाल के साथ झुरवाजरही अंतिम सिवाना तक एक किलोमीटर लम्बी सड़क निर्माण का विधायक ने शिलान्यास किया। 1.16 करोड़ की लागत राशि से उक्त सड़क का निर्माण सूर्या कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जायेगा।

उप स्वास्थ्य केंद्र के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मेरा काम है आपका सेवा करना। अब आप लोग क्या करेंगे यह आपको सोचना है। चटनियां डैम मैंने बनवाया। आज चटनियां के लोग तीन फसल काट रहे हैं। मुझे यहां 22 वोट मिलता है। लोकसभा चुनाव के बाद चटनियां डैम के ऊपर पूल का निर्माण होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आपको मेरा विकास का काम अच्छा लग रहा है तो मेरा समर्थन करें। आप सभी मोदी का समर्थन करते हुए भाजपा के हांथों को मजबूत करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने किया। जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, राजनाथ शर्मा, राम जन्म प्रसाद, मुखिया ललित बैठा, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम लाला दुबे, विश्रामपुर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि रामचन्द्र यादव ने भी सभा को संबोधित किया।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय विकास कोष के चार वर्षों के आय-व्यय का लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** स्थानीय जमा दो उच्च विद्यालय में विद्यालय विकास कोष के 4 वर्षों के आय व्यय का लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति की बैठक में इसका खुलासा हुआ। राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में विद्यालय विकास कोष का वर्ष 2019 से 2022 तक आय व्यय के लेखा जोखा का कोई अता पता नहीं है। कई वर्षों के बाद विद्यालय की प्रधानाध्यपिका विद्यानी बाखला ने स्थानीय विधायक सह विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदेन अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी से समय लेकर बैठक का आयोजन किया था। इस दौरान विधायक के प्रखंड शिक्षा प्रतिनिधि रामलाला दुबे, पंचायत प्रतिनिधि के रूप में कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम, दो शिक्षक सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान विधायक के वर्तमान कार्यकाल वर्ष 2019 से ही विद्यालय विकास कोष के लेखा-जोखा की अध्यक्ष ने मांग की। लेकिन प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला ने कहा कि उस समय विद्यालय का प्रभार दूसरे प्रधानाध्यापक के पास था। जिनके कार्यकाल का कोई लेखा-जोखा कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। अध्यक्ष ने उक्त अवधि का लेखा-जोखा उपलब्ध कराए जाने का आदेश दिया। यह अजीबोगरीब कारनामा है। क्योंकि प्रभार में कोई रहे संस्था का अपडेट रेकर्ड रजिस्टर कार्यालय में उपलब्ध रहता है। इस दौरान बिद्यानी बाखला ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक उनका सहयोग नहीं कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि इसे लिख कर दीजिए। सुधार की कार्रवाई करेंगे। जब बच्चों की पढ़ाई लिखाई ही नहीं होगी तो वैसे शिक्षक को यहां से हटाया जाएगा। प्रधानाध्यापिका ने छोटी मोटी जरूरत के लिए विकास मद के पैसे का उपयोग किए जाने की अनुमति मांगी। जैसे मिडिल स्कूल में बच्चों को पानी पीने की दिक्कत है। विभाग से बिजली की वायरिंग कराए जाने का बार-बार दबाव दिया जा रहा है।

## खोद कर छोड़े गये सोख्ता के गड्ढे हादसे को दे रहे दावत

आजाद सिपाही संवाददाता




**डंडई।** प्रखंड के रारो बाजार स्थित सीएचवीभीडी पब्लिक स्कूल के समीप 15वें वित कि राशि से निर्मित सोख्ता का गड्ढा बना कर छोड़ दिया गया है। महीना पूर्व बनाए गए गड्ढे में ढक्कन नहीं लगाया गया है। जिससे आम राहगीरों के साथ साथ विद्यालय के बच्चों को गड्ढे में गिरने कि आशंका बनी हुई है। वहीं सोखता में ढक्कन नहीं लगाए जाने से पानी व कचरा जमा हो रहा है। इससे गंदगी व बदबू फैल रही है। वहीं जल संरक्षण के लिए बनाए गए गड्ढे में मच्छर पनप रहे हैं। वहीं पर सीएचवीभीडी शिक्षा निकेतन नामक एक विद्यालय भी संचालित होता है। विद्यालय के बच्चे भी चापाकल के पास बने गड्ढे के पास ही पानी पीने के लिए जाते हैं। ऐसे में सोखता के लिए खोदे गए गड्ढे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इधर गड्ढे बने महीनों दिन बीत गए पर संवेदक द्वारा ढक्कन नहीं लगाना शायद हादसे का इंतजार करना है। इस संबंध में संवेदक मुकेश कुमार यादव ने बताया कि संबंधित विभाग से पैसा नहीं मिलने के कारण सोखता में ढक्कन नहीं लगाया गया है।

## धूमधाम से मनायी गयी महाशिवरात्रि

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनायी गयी। जिसमें मुख्य रुप से नीचे बाजार स्थित शिवबाला मंदिर,श्री सीताराम मानस मंदिर,बाजार स्थित दुर्गा मंदिर,सुखदा नदी स्थित शिव मंदिर, चुंदीश्वर नाथ पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया।वही सुखड़ा नदी स्थित शिव मंदिर व चुंदीश्वर नाथ पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की तरह मेले का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना कर मेले का लुप्त उठाया। वही शिवाला मंदिर के तत्वधान में पूजा पाठ हवन के बाद वृंदावन से कलाकारों के द्वारा भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में शिव पार्वती आदि के भेष के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति संगीत से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया।

## धड़ल्ले से जारी है बालू का अवैध खनन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी/ गढ़वा ।** बालू खनन पर सरकार के रोक बावजूद धुरकी में दिन के उजाले में बालू का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। बेखौफ बालू माफिया बेधड़क कनहर नदी से दिन भर बालू का दोहन कर रहे हैं। माफियाओं ने कनहर नदी में बालू घाट तक जाने के लिए कई जगहों पर जंगल में जेसीबी मशीन से बाकायदा सड़क बना दिया है। नदी में जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर पर बालू की लोडिंग की जा रही है, जिसे नदी से निकलकर आसपास के सटे गांवों में डंपिंग की जाती है। फिर उसे ऊंचे दामों पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में बेचा जाता है।

बताया जाता है कि धुरकी में कनहर नदी के विभिन्न घाटों से प्रतिदिन लगभग 200 ट्रैक्टर बालू का अवैध खनन किया जाता है। इस तरह प्रतिमाह बालू माफियाओं द्वारा करोड़ों रुपयों का वारा न्यारा किया जा रहा है। हालांकि इतने बड़े दुस्साहसिक काले कारोबार पर अंकुश लगा पाने में प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में है। बताया जाता है कि बालू का अवैध खनन स्थानीय प्रशासन के संरक्षण के बगैर कदापि संभव नहीं है।

जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के शुरू, सेमरवा, लिबरा और बालचौरा में कनहर नदी से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। दिन भर नदी से बालू का खनन कर आसपास के गांव में डंपिंग की जाती है। रात्रि में हाइवा और टीपर के माध्यम से रमना, डंडई, धुरकी, सगमा, बीरबल, विलासपुर, श्री बंशीधर नगर आदि इलाकों में सप्लाई की जाती है।

**मामला संज्ञान में आया है, होगी कार्रवाई : सीओ**

बालू के अवैध खनन के विषय में प्रतिक्रिया मांगने पर धुरकी के सीओ जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जायेगी।

**डीएमओ ने नहीं किया फोन रिसीव :** इस विषय में प्रतिक्रिया के लिए डीएमओ को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## बाबा मंगरदह मंदिर और जोगिया पहाड़ी मंदिर में सुबह से भक्तों का लगा रहा तांता

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड में महाशिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम व हर्षोल्ल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर विभिन्न मंदिर भोले बाबा के जयकारों से गुंज उठे। इसके पूर्व प्रखंड क्षेत्र में लोग शिवालयों में रात भर जग कर अखंड कीर्तन करते रहे। सुबह होते ही श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगना शुरू हो गया।

प्रखंड मुख्यालय डंडई के राम जानकी मंदिर, टोरी कला स्थित जोगिया पहाड़ी मंदिर, लवाही स्थित मंगरदह मंदिर, बेलवाटीकर के शिव मंदिर, जरही स्थित हनुमान मंदिर, सोनेहारा बाजार मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मंदिरों में श्रद्धालु बेलपत्र फूल के साथ जल एवं दूध अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इधर टोरी कला गांव स्थित जोगिया पहाड़ी मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया।

सुबह से ही पहाड़ी पर स्थित जोगिया वीर तथा बाबा भोलेनाथ मंदिर के प्रांगण में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। श्रद्धालु पूजा-अरचना कर पहाड़ पर लगने वाले मेले का खूब आनंद लिया। इधर ऊंचे पहाड़ पर स्थत जोगिया वीर एवं बाबा भोलेनाथ मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। लोगों ने बताया कि जोगिया पहाड़ी डंडई प्रखंड में सबसे ऊंची पहाड़ी माना जाता है। धरातल से लगभग 600 मीटर ऊंचाई पर जोगिया वीर बाबा भोलेनाथ का मंदिर अवस्थित है। यहां का दृश्य काफी मनोरम है।

## नहाने के क्रम में डूबा नाबालिग

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चटनिया पंचायत के घोडदाग गांव में शुक्रवार को कुआं में नहाने के दौरान डूबने से सुरेंद्र यादव के 10 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार यादव की मौत हो गई। घटना लगभग 11 बजे दिन की है। जानकारी के अनुसार सलागा पंचायत में निमार्णाधीन उक्त कुआं लालेश्वर यादव का है। आनन्द अपना कपड़ा नीला जींस हाफ पैंट, उजला शर्ट, मैरून रंग का गंजी व लाल-कला रंग का चप्पल कुआं के समीप खोल रखा था। परिजनों ने बताया कि आनंद अपने घर के बगल में निमार्णाधीन कुआं में नहाने के दौरान अचानक डूबने लगा जिसे बगल के ही राजा नाम के लड़के ने देखा व घरवालों को सूचना दिया। परिजनों द्वारा आनंद को कुएं से निकाल कर रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मझिआंव पुलिस की मदद से शव का पोस्टमार्टम कराकर शुक्रवार की शाम घर लाया गया जहां परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृत लड़के का पिता सुरेंद्र यादव आंध्र प्रदेश में मजदूरी करने गए है जो अंतिम संस्कार तक नहीं पहुंच सके। लड़के की मौत की खबर सुनकर चटनियां पंचायत मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव सहित सैकड़ों लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 09 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# अंचल राजस्व कर्मचारी 6000 रिश्वत लेते गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी रामा महतो को एसीबी ने छह हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसे अपने साथ एसीबी की टीम रांची ले गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना रोड निवासी पंकज खत्री नामक युवक की शिकायत पर एसीबी रांची की टीम ने सदर अंचल के राजस्व कर्मचारी राम महतो के कचहरी मोड़ स्थित कर्मचारी के आवास पर रेड मारा। जिसमे 6000 घूस लेते वो गिरफ्तार किया गया है। वही एसीबी कि सर्च में नगद 31000 बरामद हुई है। जिसके बाद रामा महतो को एसीबी रांची टीम उसे अपने साथ गिरफ्तार कर ले गयी।

# बकरी चराने गयी युवती की हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा/ लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र में एक 30 वर्षीय युवती की गला दबाकर और पत्थर से कूच कर हत्या कर शव फेंके जाने का मामला प्रकाश में आया है। यहां पर घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि बीते गुरूवार को दोपहर 3.00 बजे युवती अपने घर से बकरी लेकर चराने हेतु गांव के बगल में स्थित मथानी बड़ा तालाब के पास गई हुई थी। इस बीच बकरियां घर लौट आई लेकिन युवती देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। तत्पश्चात परिजनों ने युवती की काफी खोजबीन करने लगे लेकिन युवती नहीं मिली। इस दौरान दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह करीब 8.00 बजे युवती का शव मथानी बड़ा तालाब के पास मृतका तहेरा खातुन के भाई वकील मिरदाहा ने देखा और इसकी सूचना तत्काल भंडरा थाना पुलिस को दी गई। इधर युवती की शव मथानी बड़ा तालाब के पास मिलने की खबर बंडा गांव के अलावा आस-पास के गांवों में आग की तरह फैल गई। इस बीच क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ा था। उल्लेखनीय है कि भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडा निवासी गोहर मिरदाहा की 30 वर्षीय पुत्री तहेरा खातुन गुरूवार को घर से अपनी बकरियों को चरवाही हेतु मथानी बड़ा तालाब की ओर दोपहर तीन बजे लेकर गयी थी। इधर सभी बकरियां घर लौट आई लेकिन तहेरा खातुन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजन और गांव के अन्य लोग युवती की खोजबीन शुरू कर दी। यहां पर देर रात होने के वजह से युवती को परिजन ढूंढ नहीं पाए और दूसरे दिन उक्त युवती का शव गांव के बगल में स्थित मथानी बड़ा तालाब के पास अचेता अवस्था में पायी गयी। ज्ञात हो कि शव को देखने पर यह प्रतीत हो रहा था कि किसी ने युवती को गला दबाकर और पत्थर से कूच कर हत्या की घटना को अंजाम दिया है। साथ ही यह संभावना जताया जा रहा है कि युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया गया होगा। बहरहाल उन पूरे मामले की विस्तृत रूप से जांच पड़ताल में भंडरा थाना पुलिस जुट गयी है। इस बीच घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज आगे की कार्रवाई में जुट गयी हैं। वहीं घटना की सूचना पर भंडरा प्रखंड अंजुमन ए इस्लामिया के सदर जनाब आफताब आलम और कोषाध्यक्ष शकील अहमद घटनास्थल पर पहुंचकर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा से फारेंसिक जांच की मांग रखी, जिसपर त्वरित संज्ञान में लेते हुए एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने फारेंसिक टीम को बुलवायी और जांच पड़ताल करायी।

## रोहित प्रियदर्शी ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के गजनी ग्राम पंचायत स्थित महादेव मन्डा में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महादेव मन्डा तक जाने के लिए विद्यायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के मद से निर्मित पीसीसी पथ का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट में फीता काटकर व नारियल फोड़ कर विधायक सह मंत्री पुत्र समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव की उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर रोहित प्रियदर्शी उरांव, निशीथ जायसवाल उरांव सहित अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर कीर्तन भी किया। मौके रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल में भक्तों को आने जाने के लिए पीसीसी का निर्माण होने से क्षेत्र के विकास के साथ साथ भक्तों की संख्या में भी वृद्धि होगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रदेव उरांव, आयोजक समिति के अध्यक्ष कुलदीप साहू, प्रवीण साहू, अवध साहू सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्त व क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि पर बारह सौ फीट ऊंचाइ पर गुफा में स्थित भगवान शिव की पूजा




**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव के बारह सौ फीट ऊंची पहाड़ी पर गुफा में स्थित भगवान शंकर जी का महाशिवरात्रि के मौक पर भक्तों ने आस्था और भक्ति भाव से हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना किया और अपने तथा क्षेत्र की सुख शांति के लिए भगवान श्री भोलेनाथ से मंगल कामना किया। महादेव मंडा के नाम से यह पहाड़ी गुफा क्षेत्र में चर्चित है .दिन भर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ रही .जिसे पूजा के लिए गुफा तक भक्तों का लम्बी कतार लगी हुई थी। वही त्रिलोकी सिंह, दीपक उरांव, हौड़ा उरांव, गोपाल ठाकुर, उदय सिंह, शीला उरांव ने बताया कि बारह सौ ऊंची पहाड़ के गुफा में स्थित भगवान शंकर जी का पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। महिला पुरुष छोटे बड़े बच्चे बच्चियां द्वारा उमंग व उल्लाष के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान श्री भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ भगवान शंकर एवं माता पार्वती का पूजा अर्चना किया गया। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा और वातावरण भक्ति गीत संगीत से गुंजायमान हो रहा था।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी का रक्त जांच शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में रक्त जांच शिविर का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा में किया गया। शिविर का उद्घाटन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्मन एवं साइंस फॉर सोसायटी के सचिव राहुल कुमार ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संबोधित करते हुए डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि समाज में परुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा प्राप्त है। इसके बावजूद आज भी कुछ कमियां रह गयी है जिसे दूर करने की आवश्यकता है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम ने बतलाया कि विद्यालय में हीमोग्लोबिन जांच एवं ब्लड ग्रुप की जांच होने से विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी बेहतर पढ़ाइ कर सकेंगे। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, लैंगिक समानता के लिए उनके संघर्षों को पहचानने और संस्कृति, राजनीतिक और सामाजिक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान का जश्न मनाने का अवसर है। साइंस फॉर सोसाइटी के सचिव राहुल कुमार ने बतलाया कि झारखंड आदिवासी बहुल प्रांत है, इस प्रांत में सदियों से महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती है। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण कुमार ने किया। शिविर में लगभग 200 से अधिक छात्र-छात्राओं का रक्त जांच किया गया।

# शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़, मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर, बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों मे भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त शुक्रवार सुबह से मंदिर जाकर भगवान भोले नाथ के शिवलिंग पर दूध और जल अर्पित किया। साथ ही फल फूल अर्पित की। वही प्रखंड के छिपादोहार शिवमंदिर, केचकी शिवमंदिर, केड, सरईडीह, कुटमू, बेतला, मंडल , चुंगरू, लात, और प्रसिद्ध लाभर शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरो मे भक्तो का तता लगा रहा। वही बरवाडीह का प्रसिद्ध पहाड़ी शिवमंदिर मे सबसे अधिक भीड़ देखी गयी। ओम नमः शिवाय, बोल बम, कालो के काल महाकाल और भोले शंकर की जय के नारे साथ मंदिर परिसर गूंज रहे थे। वही पहाड़ी शिवमंदिर कमेटी के गीरधारी मिश्रा, बल्लू मिश्रा, निरंजन सिंह समेत पुरी कमेटी के द्वारा भक्तो को सुबिधा के लिए हर तरफ कमेटी के लोग लगे हुए थे।पहाड़ी शिवमंदिर मे एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। जहा दुरदराज से आए लोगो ने मेले का आनंद किया। मेले मे काफी भीड़ देखी गयी, मेले मे कमेटी के साथ पुलिस तैनात की गयी थी। वही पहाड़ी शिवमंदिर मे सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये थे। वही प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी ललित मिना और छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड सभी शिवमंदिरो मे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये है अलग से पर्याप्त मात्रा मे पुलिस की तैनाती की गयी है। अपने अपने थाना क्षेत्र के सभी मंदिरो मे विशेष नजर रखे हुए थे।

## 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप और वैदिक यज्ञ का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय अखौरी कॉलोनी स्थित सिद्धिविनायक शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप एवं वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन युवा विद्वान डॉ अशोक आचार्य की अगुवाई में संचालित हुई। महिलाओं, पुरुषो एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ मंत्र जाप किये। महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा आहुति भी प्रदान किया गया। इस सामूहिक अनुष्ठान का उद्घाटन आजसू पार्टी के नीरू शांति भगत एवं कॉलोनी के सम्मानित सदस्य गण मिलकर दीप प्रज्वलन कर किया । मत्रों का पाठ स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया। डॉ अशोक आचार्य ने यज्ञ में भक्तों आध्यात्मिक एवं मंत्र का मेडिकल साइंस में भी महत्व को समझाएं। पूणार्हुति के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# चुनाव को देखते हुए पंचायत कमिटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हेरहंज/ लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष राम प्रवेश यादव के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत में पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सूरज गंझू उर्फ बसंत गंझू ने किया। जिसमें सर्वसमिति से पंचायत अध्यक्ष तुलेश कुमार भोक्ता, उपाध्यक्ष रूपेश यादव, सचिव चंद्र शेखर उरांव, महासचिव प्रेम कुमार भोक्ता, कोषाध्यक्ष उमेश राम को बनाया गया तथा पंचायत कार्यकारिणी सदस्य में कोलेश्वर गंझू,नरेंद्र गंझू, रामहयन भुइयां , अखलेश गंझू, रमेश गंझू राजेश गंझू को बनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित राजद नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दिए। एवं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व राष्ट्रीय जनता दल के विचारधारा को बताए। मौके पर उपस्थित प्रदेश सचिव ब्यास यादव, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव,बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, हेरहंज प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव,उपाध्यक्ष अनिल यादव ब्रजेश यादव, अमरेश भोक्ता, रंजीत गंझू, जगरनाथ गंझू, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार,क्रीड़ा प्रकोष्ठ के हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंत गंझू, हेरहंज पंचायत के अध्यक्ष हीरामन राम, सुनील राम, रामलखन गंझू, रंजीत यादव, चलीतर गंझू के अलावे राजद के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को देवो के देव भगवान शिव की पूजा अर्चना व अभिषेक को लेकर मंदिरों मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रखकर विभिन्न शिवालयों मंदिरों व यत्र तत्र स्थापित शिव चबूतरों पर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा आराधना की। इस अवसर पर प्रखंड के ऐतिहासिक व प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया । उसके बाद अक्षत चंदन बेलपत्र आदि से पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल का वरदान मांगा। अखिलेश्वर धाम में प्रातः काल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बज रहे शिव महिमा व भक्ति गीतों से क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह हुआ था । इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है । महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड भंडरा स्थित अखिलेश्वर धाम, देशवली, कुम्हारिया के कारू मठ, चट्टी के महादानी महादेव आदि शिव मंदिर में पूरे दिन शिव आस्था कि बयार बहती रही। वातावरण भक्तिमय रहा। वहीं महाशिवरात्रि को ले अखिलेश्वर धाम व कुम्हारिया में मेला का आयोजन हुआ। इसमें पूजा करने मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद खरीददारी की। प्रखंड के कुम्हारिया अवस्थित शिव मंदिर के प्रांगण में मेला का आयोजन किया गया। मेला में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने बाबा महादेव के दर्शन पूजा अर्चना के बाद मेले में मिठाइयों की खरीदारी की।

## अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का किया गया विस्तार



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बालुभांग पंचायत ग्राम स्थित शुक्रवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का बैठक कुंजन भुईया के अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रखंड अध्यक्ष विजय भुइयां ने किया। बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित समाज के लोगों ने पंचायत स्तरीय कमेटी विस्तार पर चर्चा किया। चर्चा के पश्चात उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष पुनम देवी,सचिव जोंगल भुइयां, कोषाध्यक्ष अंजु देवी को बनाया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रखंड अध्यक्ष भुईयां ने कहा कि समाज का विकास करना है तो हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। शराब को छोड़ना होगा,अंधविश्वास की ओर भटकने से बचने सहित कई अन्य बातों पर विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दिया। मौके पर उबलू भुईया, राजदेव भुईया, सकुना देवी, फगदी देवी, सविता देवी सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

# लातेहार एसपी अंजनी अंजन और पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बारियातू पहुंचकर की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू ।** महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित एक दर्जन से अधिक शिवालयों पर शांतिपूर्ण वातावरण में शुक्रवार को पूजा अर्चना की गयी। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर शिवालय, बस्ती देवी मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर शिवालय सहित डाढा, गाडी, फुलसू, बालूभांग गडगोमा, गोनिया, जबरा, टोटी, साल्वे, अमरवाडीह के अलावा कई शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। इस मौके पर थाना परिसर मे बने नवनिर्मित शिव मंदिर मे शिव रात्रि के अवसर पर लातेहार एसपी अंजनी अंजन व उनके पत्नी पलामू एसपी रिष्मा रमसेन व बलूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम पति पत्नी पहुंचकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया साथ ही क्षेत्र के सुख समृद्धि व शांति की भी कामना किये। वहीं थाना प्रभारी राजा दिलावर व एएसआई नीरज दुबे ने शिव रात्रि के अवसर पर मुख्य रूप से उपसना कर भोले नाथ शिव का पूजा किया। शिवरात्रि के शुभ अवसर पर थाना परिसर मे भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सत्यदेव मिश्रा, जनार्दन पांडे, राम मंदिर के पुजारी पुरूषोत्तम शर्मा, कृष्ण कुमार मिश्रा, अरविंद मिश्रा, काशिनाथ बैध सहित कई पंडितों ने वैदिक मंत्रोंचार के पश्चात पुजा संपन्न कराया। मौके पर धर्मेश प्रसद लिम्बु, द्वारिका नाथ पाण्डेय सहित सभी थाना परिवार के अलावे मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, समाजसेवी सुमित कुमार चिंटू, संजय सिंह, किशोर राणा मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ।** महाशिवरात्रि पर आज सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में हर हर महादेव और ओम नमः शिवायः गूंज उठा। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजारटांड़ के शिव मन्दिर , ब्लॉक शिव मंदिर, टमटमटोला शिव मंदिर आदर्श नगर दूर्गा मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर,बड़का बालूमाथ शिव मंदिर, वन विभाग शिव मंदिर,रामघाट मंदिर, पिंडारकोम शिव मंदिर, में श्रद्धालुओं ने दूध और जल से महादेव का अभिषेक कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। बाजार टांड़ शिव मंदिर मे हरिद्रानंद फाउण्डेशन शिव शिष्य परिवार के द्वारा अखंड शिव चर्चा का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों शिव शिष्य गुरु भाईयों बहनों ने भाई अरूण विश्वास के अध्यक्षता हर शिव शिव शिव हर हर का कीर्तन किया जिससे बालूमाथ शहर भक्तिमय हो गया।

शांति व्यवस्था के लिए लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर जगह जगह पुलिस की ड्यूटी लगायी गयी है।

## रुद्र महायज्ञ में हजारों लोगों ने की परिक्रमा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ले में आयोजित शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम के दौरान बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के 51 बालक बालिकाओं ने लगातार 12 घंटे तक अपनी मनोकामना को लेकर परिक्रमा की। सभी बालक बालिकाओं ने अलग-अलग समय के अनुसार की अधिकांश बालक बालिकाएं संध्या बेला में प्रारंभ कर प्रात: काल तक यह परिक्रमा पूरी की। इस परिक्रमा के तहत आयोजन समिति के सदस्य के साथ-साथ परिक्रमा कर रहे बालक बालिकाओं के शुभचिंतक भी यज्ञ साल मंडप पर डटे रहे। वही आदर्श नगर में आयोजित शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के दौरान आज शुक्रवार को 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने यज्ञ साल मंडप की परिक्रमा की। परिक्रमा को लेकर सुबह 5:00 से ही लोगों को लंबी कतार में देखा गया। महायज्ञ कार्यक्रम के दौरान आयोजित रासलीला कार्यक्रम में आज शिवरात्रि महापर्व को लेकर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह की बारात निकाली गयी। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विश्व महिला दिवस पर मुखिया ने नशापान से दूर रहने की अपील की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** दीप ज्योति ग्राम संगठन फसिया के तत्वधान में महिला विकास मंडल के सहयोग से गुमला प्रखंड के ढोढरी टोली गांव में विश्व महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव, सुषाना मिंज, गंदूरी देवी, रामजन कुजूर, सुलोचना देवी, रीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में फसिया पंचायत के विभिन्न संगठनों के महिला व ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा आज विश्व नारी दिवस है। और आज की नारियां किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। आज भारत के प्रथम नागरिक के रूप में एक नारी राष्ट्रपति के पद पर विराजमान है। वही कई ऐसे नारी हैं जो राजनीति के साथ-साथ सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियां को लेकर लोगों को जागरूक होने की अपील की।

# चार माह की गर्भवती को ससुराल वालों ने खिलाया जहर, हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना अंतर्गत कतरी निवासी महिला 18 वर्षीय तरन्नुम परवीन पति तबरेज खान को ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर गुरुवार को खटमल मारने वाला कीटनाशक खिलाया। इसके बाद सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।



घटना की जानकारी देते हुए मृतक महिला की मां ने बताया लगभग 6 माह पूर्व मेरी बेटी की शादी कतरी निवासी तबरेज खान के साथ हुई थी। तब से वह हमेशा मेरी बेटी को मारपीट व प्रताड़ित करता था इसके अलावा 50 हजार, एक अपाची बाइक और अन्य सामान की मांग करता था। लगभग दो माह पूर्व वह मेरी बेटी को छोड़कर मद्रास काम करने चला गया। मेरी बेटी द्वारा वापस बुलाने पर वह नहीं आने की बात करता और फोन पर ही गाली गलौज और लड़ायी झगड़ा करने लगता। वही कहता जाकर थाना में केस करो पुलिस लेने आएगी तो ही जाऊंगा। पूर्व में ही तरन्नुम अपनी मां को लेकर ससुराल वालों के विरुद्ध महिला थाना गुमला में प्रताड़ना व दहेज की मांग को लेकर आवेदन दिया था। लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई और कार्रवाई के नाम पर पैसे की मांग की गयी थी।

मृतक महिला के पिता शमसेर अंसारी ने बताया तबरेज पूर्व में भी एक महिला को शादी के बाद छोड़ चुका है। इधर महिला चार माह की गर्भवती थी। परिजन गुरुवार की रात रिम्स ले जाने के लिए एंबुलेंस में बैठे इसके बाद महिला की मौत हो गयी। महिला को सदर अस्पताल उसकी सास लेकर आई थी इलाज के क्रम में ही उसकी सास अस्पताल से फरार हो गयी। इधर महिला के पति को घटना की जानकारी दी गयी। लेकिन मौत की जानकारी देने के लिए परिजन कई बार उसे फोन किया लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। फिलहाल महिला के शव को शव गृह में रखा गया है। उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा।

# बालिका आवासीय विद्यालय सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आश्रम बालिका आवासीय विद्यालय सभागार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाड़ा का छात्राओं ने तिलक लगाकर ल पारंपरिक रिवाज के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां भारती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। किरण बाड़ा ने कहा कि आज पुरे विश्व भर के महिलाओं को सम्मान के रूप में महिला दिवस के रूप में मनायी जाती है। देश की महिलाओं के शौर्य व बहादुरी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश के वीरांगनाओं के सामने अंग्रेजी हुकूमत ने घुटने टेक दिए थे।आज भी महिलाएं बहादुर है पर जरूरत है की महिलाएं अपनी शक्ति को पहचाने और अन्याय व अत्याचार के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्या नीतू कुमारी ने कहा कि बेटियां शिक्षा के साथ साथ अपने आप को मजबूत बनायें। शिक्षित महिला, शिक्षित समाज की आधार होती है। महिला दिवस नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। मौके पर जिला परिषद सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, योग गुरु गजराज महतो, सुरेश साहु, सहित विद्यालय की छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मनाया गया महिला किसान दिवस



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रदान संस्था के तत्वावधान में ममरला पंचायत में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उत्सव में पहली बार महिला किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदान के दिशा जैन ने कहा कि महिला एक मां, बेटी, बहु, सास आदि के दायित्व के साथ किसानी भी करना कोई महिला से सीखें। एक बेहतर किसान होने का फर्ज हम तभी निभायेंगे जब अपने जमीन को समझेंगे उसे बंजर होने से बचायेंगे। मौके पर उपस्थित मुखिया सरिता उरांव ने कहा कि महिलाएं बेहतर किसान है उसमे कोई दो राय नहीं है किसान का काम में महिलाए पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर काम करती हैं अभी महिलाए जागरूक हो गयी है। परिवार एक विद्यालय है और महिलाए परिवार का शिक्षक, परिवार को चलाने की जिम्मेवारी महिलाओं के हाथ में रहती है। प्रदान के सूरज साहू द्वारा जैविक खाद दवा शिवान्स खाद,जीवामृत,निमस्त्र,अग्नेस्त्र,फाइलर स्प्रे, अंडा टॉनिक बनाने एवम उपयोग करते हुए खेती करने की जानकारी दिया गया।जैविक खाद दवा एवम एफपीओ बसिया द्वारा स्टॉल लगाया गया। इस कार्यक्रम में प्रदान के बांधनी केरकेट्टा, सरिता देवी, गौरी देवी, उपमुखिया बिमला देवी, मनमैत देवी के साथ पंचायत के सैकड़ों महिला किसान उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर छात्रों ने प्रस्तुत किया नाट्य कला का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में महाशिवरात्रि के अवसर पर छात्रों ने चार एकांकी प्रस्तुत कर अपने नाट्य कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय में सक्रिय चारों सदनों के छात्रों ने एक-एक नाटक प्रस्तुत किया।सर्व प्रथम शिवाजी सदन के छात्रों ने शिव-भष्मासुर प्रसंग पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया जिसमें कमलेश उरांव भगवान शिव, बुटना असुर भष्मासुर, नीरज असुर ब्रह्मा, करण उरांव विष्णु, अमन उरांव अग्नि देव, संतोष उरांव पवन देव, कुलदीप उरांव इंद्र देव, प्रिंस जोएल तोपनो मोहिनी तथा रुस्तम उरांव ने नारद की भूमिका निभाया। विवेकानंद सदन के छात्रों ने भगवान गणेश द्वारा माता-पिता की परिक्रमा के प्रसंग पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें आलोक उरांव शिव, संजय सिंह मुंडा पार्वती, पॉल जैक्सन केरकेट्टा गणेश, रोहित उरांव कार्तिकेय, तथा निखिल उरांव ने नारद की भूमिका निभाया।

बिरसा सदन के छात्रों ने पार्वती की तपस्या से शिव के प्रसन्न होने के प्रसंग पर नाटक दिखाया।इस प्रस्तुति में रितेश उराँव शिव, शिवम महली पार्वती,रुक्मिनीष मुंडा माता मैना, मनीष पातर विजया तथा अमित उराँव बटुक की भूमिका में थे। टैगोर सदन के छात्रों ने शिव बारात व शिव विवाह के प्रसंग को मंच पर प्रस्तुत किया। सभी बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। शाम में शिव भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे शिवम महली, रितेश उरांव, निखिल मुंडा, पॉल जैक्सन केरकेट्टा सहित अनेक छात्रों ने शिव भजन गाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभी छात्रों की नाट्य प्रतिभा को सराहते हुए सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिशुनपुर में आकर्षण का केंद्र रहा शिव बारात

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में शुक्रवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना व अभिषेक को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देर शाम तक लगी रही। बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रखकर विभिन्न शिवालयों में आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा आराधना की। प्रत्येक वर्ष की तरह परंपरा का निर्वहन करते विकास भारती बिशुनपुर के बच्चों ने शिव पार्वती एवं भूत पिशाच के भेश में बारात में शामिल हुए जो शिवालय मंदिर से मुख्यालय भ्रमण के बाद थाना परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंचे जहां थाना परिवारों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया और मंदिर में पुजारी मुनू पंडित के द्वारा शिव पार्वती की विवाह संपन्न कराया गया जिसके उपरांत बारातियों के लिए सुस्वादिष्ट पुआ पकवान लंगर में परोसा गया। इधर रांगे गांव स्थित रंगनाथ धाम, पूजा समिति के द्वारा मेला का आयोजन किया गया साथ ही भंडारा एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं बरमहादेव, पांचो पांडव, बहागड़ा शिव मंदिर में लंगर का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर विकास भारती सचिव महेंद्र भगत कुमकुम मैत्रा डॉ आचार्या प्रमुख राज्यालक्ष्मी उरांव राजू भगत पवन उरांव चंदन सिंह गणेशाराम महतो वीरू देव कुमार सिंह, सहित थाना परिवार शामिल थे।

# शिव मंदिरों में हुई पूजा अर्चना



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर पालकोट के विभिन्न शिव मंदिरों में लोगों ने पूजा अर्चना किय्या मंदिरों में भारी भीड़ जुटी थी। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर दूध और जल चढ़ाकर विधि विधान से पूजा की और व्रत रखा। महिला मंडल के महिलाओं के द्वारा शोभायात्रा निकाली गयी तो कई स्थानों पर भंडारे भी किये गये। शिवरात्रि पर्व को लेकर ऐतिहासिक बूढा महादेव मंदिर अति प्राचीन देवगांव मन्दिर , गांधी नगर स्तिथ शिव मंदिर, ऋषिमुख पर्वत शिखर आश्रम के मनोकामना शिवलिंग मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेल पत्र, फल–फूल, मिष्ठान चढ़ाकर दुग्धाभिषेक किया। पर्व को लेकर मंदिरों को फूलों व लाइटों से सजाया गया था :पुरोहित ने शिवलिंग को स्नान कराकर रुद्राभिषेक किया। शिव परिवार की प्रतिमाओं को भी स्नान कराया गया। व्रतधारी श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान शिव व पार्वती की पूजा अर्चना करने से विशेष फल प्राप्त होता है।

# शिवरात्रि के अवसर पर निकाली गयी कलश यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** आदर शिव मंदिर पूजा समिति के द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को कलश यात्रा निकली गई। इस दौरान आदर भंडार टोली स्थित मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू होकर देवाकी डैम पहुंची जहां आचार्य बबलू पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भारी कराई गई। इसके बाद पुनः हर हर महादेव बोल बम किनारे लगाते हुए सभी भक्त मंदिर परिसर पहुंचे जहां आचार्य के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। इस संबंध में पूजा समिति के राजेश महतो ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूजा समिति के सदस्य पिछले एक महीने से तैयारी में लग चुके थे। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश महतो, पप्पू गुप्ता, विनोद गोप, दुर्गा गोप, वासुदेव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# कुएं से व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के गोल सोसो गांव में पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव कुएं से बरामद किया है। आशंका व्यक्त की जा रही है की शव तीन-चार दिन पूर्व का है। वही शव के आंख और माथे में चोट के निशान है। नाक से खून का रिसाव भी है जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि व्यक्ति को हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया गया होगा हालांकि पुलिस पूरे बिंदु पर जांच पड़ताल कर रही है जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की अपराह्न लगभग 4:00 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी की गोल सोसो गांव के एक कुएं में शव तैर रहा है। घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एस आई दाखिन बेसरा दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला। शव की पहचान नहीं हो पायी है।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू पहुंचे घाघरा शिवरात्रि के कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** आदर भंडार टोली में शिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा हिंदी, नागपुरी जैसे कई भक्ति व अन्य गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत की गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि शिवरात्रि के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का आयोजन किया गया है। सभी लोग शांतिपूर्ण माहौल में मेला का लुफ्त उठाएं। मेला के माध्यम से एक दूसरे से परिवार के लोग मिल पाते हैं। भगवान भोलेनाथ सभी पर आशीष बनाएं क्षेत्र में शांति वातावरण रहे। इसके पूर्व भंडार टोली अपने आवास स्थित शिव मंदिर में राज्यसभा सांसद ने पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। वही कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में थाना प्रभारी तरुण कुमार, समाज सेवी अनिरुद्ध चौबे, सुखेर उरांव, अशोक यादव, परमानंद गोप, कर्मदेव भगत, माधव ठाकुर, सोमनाथ भगत, राजीव उरांव, अभय साहू, आकाश साहू, तुलसी उरांव, सुरज उरांव, अमित साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रुद्राभिषेक पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को करौन्दाजोर गांव के महादेव टंगरा शिव मंदिर में पंचायत की मुखिया ईभा लकड़ा के अगुवाई में रुद्राभिषेक पुजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि पुजा अर्चना करने के लिए महादेव टंगरा शिव मंदिर परिसर में अहले सुबह से ही हजारों की संख्या में माताएं बहनें व श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान महादेव का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि, स्वास्थ्य,यश–वैभव व विश्व शांति की कामना की। मुखिया ईभा लकड़ा ने मंदिर में रुद्राभिषेक पुजा के उपरांत दिन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक गीत संगीत ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान मंदिर परिसर में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। मौके पर सुधीर ओहदार, हेमंत ओहदार, विपीन बिहारी उर्फ बबलू ओहदार, राधे ओहदार, संतोष ओहदार, नवल ओहदार, सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय उरांव समाज नेग चार मंथन कार्यशाला शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** तृतीय अंतर्राष्ट्रीय उरांव समाज नेग चार मंथन कार्यशाला कुड़ुख भाषा एवं सांस्कृतिक पुनरूत्थान केंद्र बम्हनी में शुरू किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सुखआ पौधारोपण कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया और आदिवासी महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अना आदि मुंजरना मलका प्रार्थना हुआ। इसके उद्घाटनकर्ता नेग-चार पोथी को लिपिबद्ध करने के लिए बनाए गए समिति के संरक्षक श्री जुगेश्वर उरांव (असम)एवं कुरुख भाषा एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान केंद्र बम्हनी गुमला झारखण्ड सरकार के सह अध्यक्ष डॉ नारायण भगत के द्वारा किया गया।

इस अंतरराष्ट्रीय नेगचार कार्यशाला में झारखंड के अलावे उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम के साथ कई राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला का मूल उद्देश्य उरांव सरना समुदाय के नेग-चार अर्थात जन्म संस्कार, विवाह संस्कार, मृत्यु संस्कार के अलावे रीति विधि को लिपिबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है ताकि उरांव समुदाय नेग-चार एक विधान एक संविधान हो सके।

इसका आयोजन अखिल भारतीय समन्वय समिति भारत, आदिवासी सरना समाज उत्थान एवं सुरक्षा संगठन झारखंड तथा कुरुख भाषा एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान केंद्र बम्हनी, गुमला झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

इसमें मुख्य रूप से जितेश मिंज, डॉ तेतरू उरांव, जितिया उरांव, प्रद्युमन भगत, कमल उरांव, आसुस के अध्यक्ष मीना टोप्पो, आसुस के उपाध्यक्ष बुदु टोप्पो, बुद्धेश्वर उरांव, मनिजर भगत, महेंद्र उरांव, फुलमनी उरांव, हितेश्वर भगत, सोनो उरांव , सरोज उरांव, सरस्वती कुमारी , छोटेलाल उरांव, लक्ष्मी कुमारी, बुधमनी कुमारी, जीतराम उरांव, प्रोफेसर प्रेमचंद उरांव, सरना प्रार्थना सभा की चिंतामनी उरांव, मूली पड़हा गुमला के दीवान राजू उरांवमध्य प्रदेश से श्रीमती निर्मला प्रधान छत्तीसगढ़ से श्रीमती रंगिया प्रधान, असम से जुगेश्वर उरांव, हेमन्त उरांव, बिहार से ललित भगत, ओड़िसा से मनमोहन उरांव, डाडू उरांव के अलावे छात्र छात्राएं और सामाजिक अगुवा शामिल हुए।

# समीर उरांव पहुंचे चैनपुर हुआ स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जन जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के नवनियुक्त प्रत्याशी समीर उरांव ने चैनपुर के दुर्गा मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में माथा टेक कर लोगों के सुख समृद्धि की कामना की साथ ही भारतीय जनता पार्टी मंडल चैनपुर के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक सहित सभी पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया इसके लिए मैं उनका सदा आभारी रहूंगा ।

# शिवालयों में कलश यात्रा, भंडारा और शिव बारात सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि को लेकर घाघरा प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में कलश यात्रा, भंडारा व शिव बारात सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देवाकी बाबा धाम में अहले सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लग गई। पूरा वातावरण नमः पार्वती पतये हर हर महादेव के नारे से गूंज उठा भक्तों ने भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा अर्चना कर सुख शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूजा समिति के द्वारा श्रद्धालुओं को पूजा में परेशानी ना हो इसे देखते हुए मंदिर परिसर में समिति के लोग मौजूद थे।

# विश्वास को टूटने नहीं दूंगा : वीडी राम

## सतबरवा पहुंचे सांसद सह भाजपा प्रत्याशी का हुआ भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संपाददाता



भाजपा के पलामू प्रत्याशी बीडी राम का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**सतबरवा/पलामू।** पलामू लोकसभा से भाजपा के प्रत्यासी सह सांसद बीडी राम शुक्रवार को सतबरवा पहुंचे। जहां सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रवेश द्वार पर गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद बीडी राम ने ब्रह्मबाबा की पूजा कर पलामू क्षेत्र के लिए खुशहाली की कामना की। सांसद ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें टिकट दिया है उसे टूटने नहीं देंगे। पलामू में जीत की हैट्रिक लगने के साथ ही भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करेंगें। सांसद ने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। कहा कि आज पीएम मोदी नेतृत्व में भारत के विकास की पूरी दुनिया कायल है। इस मौके पर भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमीत तिवारी, चतरा सांसद के सतबरवा प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, जिप सदस्य सुधा कुमारी, आशीष कुमार सिन्हा, विजय पाठक, कमलेश प्रसाद, मुखिया ब्रह्म देव सिंह आदि थे।

## महाशिवरात्रि पर विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए डॉ शशिभूषण मेहता

# सनातनी हर धर्म का करते हैं सम्मान: पांकी विधायक

**क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का त्योहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

**पांकी/पलामू।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पांकी के प्रसिद्ध शिव पहाड़ी मंदिर में पूजा भगवान भोलेनाथ की पूजा के लिए शुक्रवार को बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ पहुंची थी। सुबह से शाम तक पूजा के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। मंदिर समिति की ओर से महा भंडारा का भी आयोजन किया गया था। साथ ही भव्य मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। वहीं, पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के अलावा पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मंदिर में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता और लाल सूरज ने पूजा अर्चना की। पूजा समिति के लोगों ने विधायक व लालसूराज को फूल माला और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं, अपने संबोधन में डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि सनातनी हर धर्म का सम्मान करते हैं। किसी दूसरे धर्म को मानने वालों को ठेस नहीं पंहुचाते है। इस लिए सनातनियों को भी त्योहार मनाने में बाधा उत्पन्न ना करें। गौरतलब है कि बीते वर्ष महाशिवरात्रि त्योहार में तोरणद्वार लगाने को लेकर दो समुदाय में हिंसक झड़प हो गई थी। वहीं, पूर्व प्रत्यासी लालसूराज ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए राम भगवान ने भी धनुष उठाये थे। हमसभी लोग को भी धर्म के प्रति आस्था लाने की जरूरत है। उधर, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दलबल के साथ मुस्तैद दिखे। उधर, विधायक ने जोतंग सहित विधानसभा के कई जगहों पर आयोजित मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर पारस सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, प्रसिद्ध सिंह, अनिल कुमार सिंह, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, संजय चंद्रवंशी, उपप्रमुख संदीप यादव, निरंजन कुमार सिंह, प्रेम कुमार सिंह, समाजसेवी अरविंद सिंह, अनुज सिंह, अधिवक्ता लाला यादव, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# पढ़ा लिखा व्यक्तित्व कर रहा नेतृत्व : आनंद शंकर

**लोकसभा चुनाव में पलामू झारखंड में रचेगा इतिहास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा सांसद वीडी राम पर पुनः विश्वास दिखाते हुए तीसरी बार भी पलामू लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। जिससे शहर के हर वर्ग में काफी उत्साह है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर व सदस्यों ने सांसद बीडी राम का आनंद ऑटोबाइक के नजदीक टिकट मिलने के बाद पहली बार मेदिनीनगर आने पर गर्म जोशी से स्वागत किया। आनंद शंकर ने कहा कि यह पलामू लोकसभा की जनता के लिए सौभाग्य की बात है कि एक पढ़ा लिखा डीजीपी रैंक से रिटायर्ड हुए अनुभवी विकास पुरुष हमारे लोकसभा का नेतृत्व कर रहे हैं जो गौरव की बात है। पलामू सांसद के 10 वर्ष के कार्यकाल में काफी चीजे बदली हैं। हमें विश्वास है कि आगामी पांच वर्षों में प्रधानमंत्री की गारंटी शत प्रतिशत हमारे सांसद धरातल पर उतरकर एक नया इतिहास बनाएंगे। आनंद शंकर ने सांसद वीडी राम के साथ ही पलामू जिला भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी का भी माला पहनाकर स्वागत किया। कहा एक बड़ी जवाब देही अध्यक्ष के साथ-साथ हम सभी कार्यकर्ताओं पर भी है की झारखंड का सर्वाधिक ऐतिहासिक मतों से जीताकर हम अपने सांसद को यहां से प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने के लिए भेजें ताकि हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो सके। इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, राजदेव उपाध्याय, सुमित अग्रवाल, लड्डू सिंह, रितेश कुमार, आलोक माथुर, संजय अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह होरा, अविनाश वर्मा, पुनीत सिंह, सुनील गुप्ता, सुधांशु शेखर, राजहंस अग्रवाल, निवेदन अग्रवाल, अमिताभ मिश्रा, अरविंद, वसीम, बद्री अग्रवाल, विनय ओझा, विक्रांत सिंघानिया आदि उपस्थित थे।

# भगवान शिव की आराधना से मनवांछित फल की होती है प्राप्ति : सुधा कुमारी



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि को लेकर सतबरवा प्रखंड के कई स्थानों पर मेला सह दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सतबरवा के धजवा पहाड़ अजगर नाथ देव धाम में भी मेला सह भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सुधा कुमारी, समाजसेवी कमलेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। सुधा कुमारी ने कहा कि जो आज भगवान शिव की अराधना करते हैं, उन्हें मन वांछित फल मिलते हैं। वहीं, समाजसेवी कमलेश प्रसाद ने कहा कि महाशिवरात्रि पूजा हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। शिव की कृपा से जीवन सफल हो जाता है। बिगड़े काम भी बन जाते हैं। वहीं, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि इस धजवा पहाड़ के अजगर नाथ देव धाम पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। मौके पर अजय उरांव, बिनोद मांझी, मुस्ताक अहमद और बिगन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से की पूजा, आशुतोष धाम परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** क्षेत्र के शिवमंदिरों में महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। हर-हर महादेव के नारों से क्षेत्र गुलजार रहे। लंगरकोट गांव मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम में महंत विनय त्यागी जी के नेतृत्व में जलयात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मंदिर परिसर से की गयी। जलयात्रा में शामिल लोग हर-हर महादेव का नारे लगाते हुए जमुहारी माई मंदिर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभराई की गयी। पुनः लोग मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किये। इस अवसर पर वृहत पैमाने पर मेले का भी आयोजन किया गया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र चौधरी, राहुल ठाकुर, विक्की पटेल, अरविंद शर्मा, गोपाल चौधरी, विकास चौधरी, सुरेंद्र पटेल, गोधन, सुमित, अनूप, युगन सिंह, लक्षु पटेल समेत समिति के लोग सक्रिय रहे। जबकि जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भक्ति का माहौल बना रहा। इस अवसर पर अष्टजाम अखंड कीर्तन और भवय भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर पंडित शंभु पाठक, मुख्य यजमान आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन, राजेश्वर सिंह, एनआर सिंह, बिजय कुमार, कुंदन कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद थे। वहीं, महावीर मंदिर, सिंचाई कॉलोनी, नया ठाकुरबाड़ी, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्राचीन शिव मंदिर ऊपरी आदि इलाकों में भी पूजा पाठ की गयी।

# महाशिवरात्रि पर सिध्दी थानेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक

**नीलांबर पीतांबरपुर (आजाद सिपाही)।** सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को लेस्लीगंज थाना परिसर स्थित सिद्धी श्री थानेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से रुद्राभिषेक पूजा संपन्न हुआ। आचार्य सतीश मिश्रा एवं भोलू बाबा द्वारा वेदाचार्यों ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रों के साथ पूजा संपन्न कराया। आचार्य सतीश मिश्रा ने बताया कि इस पूजा से हम अपने भीतर असीम शांति एवं पूर्णता महसूस करते है। हमारे भीतर व आसपास के दूषित एवं नकारात्मक विचारों-परिस्थितियों एवं दोषों को दूर करता है एवं राशि दोषों से मुक्ति मिलती है। कहा कि जहां रूद्रम का उच्चारण होता है वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने ने बताया गया कि जीवन में व्यक्ति विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करता है जिसमें गृहस्थ, व्यवसायिक एवं सामाजिक दायित्व होते हैं। वहीं, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष व पूजा के यजमान रामप्रकाश तिवारी ने बताया कि धनेश्वर धाम में मंदिर बनने के बाद से आसपास के लोगों में काफी आस्था और श्रद्धा बढ़ा है।

## फ्रेंच ओपन में पीवी सिंधु का कमाल, अमेरिका की बेड़वेन को हराकर की क्वॉर्टर फाइनल में एंट्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस में जारी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल क्वॉर्टरफाइनल में एंट्री कर ली। गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने बेइवेन झांग को मात दी जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सफर समाप्त हो गया। घुटने की चोट से वापसी के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट खेल रही शटलर सिंधु ने पहले खेल में पिछड़ने के बाद दुनिया की 10वे नंबर की खिलाड़ी झांग को 13-21 21-10 21-14 से पराजित किया।

## अग्रगति ने सभी राजनीतिक दलों से इसे चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने की अपील की

# 18 की उम्र तक मुफ्त शिक्षा, तभी होगा बाल विवाह का खात्मा

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** पलामू जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था लगातार प्रयासरत है। एक साल के भीतर संस्था ने बाल विवाह के मुद्दे पर एक नयी क्रांति लाने का प्रयास किया है। परिणाम यह हुआ कि पूरे जिले में 500 से भी अधिक बाल विवाह रोके गए है। जिससे यह पता चलता है कि जिले में काफी संख्या में बाल विवाह हो रहे है। जिसमें संस्था की महिला कार्यकर्ता निक्कू पाठक, कांति देवी, पुष्पांजलि देवी, रेखा देवी और शोभा देवी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्था ने 18 वर्ष की उम्र तक सभी बच्चों को अनिवार्य रुप से मुफ्त शिक्षा देने की मांग की है। तभी 2030 तक देश से बाल विवाह के खत्म किया जा सकता है। अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि विशाल नेटवर्क और जमीनी स्तर पर सूचना तंत्र के माध्यम से पूरे देश में कुल पांच प्रतिशत बाल विवाह रुकवाने में कामयाबी हासिल की है। दुनिया के सभी देश संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों यानी एसडीजी के तहत 2030 तक बाल विवाह और जबरन विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

बताया गया कि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा और स्पष्ट अंतरसंबंध है। बाल विवाह के खात्मे के लिए पूरे देश में 160 गैर सरकारी संगठन अभियान चला रहे है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जारी एक शोधपत्र *एजुकेट टू इंड चाइल्ड मैरिज : एक्सप्लोरिंग लिंकेजेज एंड रोल ऑफ एजुकेशन इन एलिवेटिंग एज ऐट मैरिज फॉर गर्ल्स इन इंडिया* में उजागर हुआ कि भारत में बाल विवाह मुक्त 2030 तक खात्मे की राह में टिपिंग प्वाइंट की तरफ बढ़ रहा है। टिपिंग प्वाइंट वह बिंदु है जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म हो जाएगा। ऐसे में यदि 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा एक वास्तविकता बन जाए तो बाल विवाह के अपराध को जड़मूल से समाप्त करने की इस लड़ाई को एक नई धार और दिशा मिल जाएगी।

### वर्तमान में देश के विभिन्न राज्यों में बाल विवाह की स्थिति

**जानकारी के अनुसार महिला साक्षरता दर और बाल विवाह की दर के अंतरसंबंधों को रेखांकित किया गया है। 96 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले केरल में बाल विवाह की दर सिर्फ छह प्रतिशत है। जबकि राष्ट्रीय औसत 23.3 प्रतिशत है। इसी तरह 93 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले राज्य मिजोरम में बाल विवाह की दर सिर्फ आठ प्रतिशत है। इसके उलट बिहार में जहां महिला साक्षरता की दर सिर्फ 61 प्रतिशत है, बाल विवाह की दर 41 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश जहां कि महिला साक्षरता दर 67.5 प्रतिशत है, वहां बाल विवाह की दर 23.1 प्रतिशत है। जबकि 73.8 प्रतिशत महिला साक्षरता वाले हरियाणा में बाल विवाह की दर काफी कम 12.5 प्रतिशत है। शोधपत्र के अनुसार, अध्ययन से यह स्पष्ट है कि शिक्षा तक पहुंच के विस्तार से लड़कियों के विवाह की उम्र आगे खिसकती है। जिसके सकारात्मक नतीजे बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति और लैंगिक समानता के रूप में सामने आते हैं।**

### देश में 50 हजार बाल विवाह रोके गए हैं

पूरे देश में पिछले छह महीनों में ही 50 हजार से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। जबकि 10 हजार से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (एनएचएफएस 019-21) के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 वर्ष की होने से पहले ही हो जाता है। जबकि 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार हर तीन में से दो लड़कियों का विवाह 15 से 17 की उम्र के बीच हो जाता है। इसका मतलब है कि कुल 52 लाख में से 33 लाख लड़कियों का विवाह उनके 18 वर्ष की होने से पहले ही हो गया।

### चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग

राज्य सरकार ने इस सामाजिक अपराध के खात्मे में प्रशंसनीय इच्छाशक्ति व गंभीरता दिखाई है, फिर भी बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई को धार देने के लिए कुछ और अहम कदम उठाने की दरकार है। बाल विवाह के खात्मे के लिए 18 वर्ष तक अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा का कदम परिवर्तनकारी साबित हो सकता है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों से अपील किया गया है कि वे हमारी इस मांग को आगामी लोकसभा के अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल करें।













VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 09 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



## झारखंड आंनदोलनकारी जीवन महतो का निधन



बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी नेता सह कुड़मी छात्रावास चास के अध्यक्ष पार्वती चरण महतो के पिता जीवन महतो अब नही रहे. वे 85 वर्ष के थे. शिवाजी समाज से लेकर झारखंड आंदोलन तक, बिनोद बाबू के सच्चे अनुयायी, दिशोम गुरू शिबू सोरेन के सहयोगी एवं कुड़मी छात्रावास के संस्थापक सदस्य के रूप में सामाज और राजनीति का लंबा सफर तय करने वाले पुपुनकी गांव के जीवन महतो का गुरूवार की रात निधन हो गया. उनके तीन पुत्र,पार्वती चरण महतो, अश्विनी महतो आजसू के केन्द्रीय सचिव एवं रूपलाल महतो एवं दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये।

## डीएवी के बच्चों ने एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग में वैदिक मैथ्स का लिया आनंद




बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो में पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप के अंतर्गत ऐक्टिविटी बेस्ड लर्निंग के तहत कक्षा पहली और कक्षा दूसरी के लिए मैथ्स एक्टिविटी एवम वैदिक मैथ्स का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय की शिक्षिका ममता कुमारी ने बच्चों को काफी रोचक तरीके से गणित के विभिन्न फार्मूलाओ को बहुत ही आसान तरीके से सिखाया । इस अवसर पर कक्षा 1 के लिए अंकों के चिट गेम एवम सेंड गेम का आयोजन किया गया तथा कक्षा 2 के बच्चों को टाइम और कैलेंडर का ज्ञान दिया गया । क्विज सेशन का भी आयोजन किया गया । बच्चों ने मैथ्स सॉन्ग का भी आनंद लिया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने कहा कि इस तरह की गतिविधि के द्वारा बच्चों में शारीरिक क्षमता के साथ साथ मानसिक क्षमता का भी विकास होता है । एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग बच्चों की कक्षा को प्रभावशाली बनाता हैं । छोटे बच्चों को गणित के विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद होंगे।

## कार में दारू की बोतल फटने से लगी आग



निरसा(आजाद सिपाही)। निरसा थाना क्षेत्र के निरसा चौक के समीप शिवरात्रि के दिन उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक मारुति अर्टिगा बिहार नम्बर संख्यां बी आर 01एच क्यु 9704 अर्टिगा कर धू धू कर जलने लगी आग को देखते ही निरसा चौक में रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना निरसा पुलिस को दिया जिसमें तुरंत कार्रवाई करते हुए निरसा थाना के ए एस आई सुबोध कुमार सिंह ने कार्रवाई करते हुए तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर गाड़ी को साइड कर रोड को क्लियर किया। बता दे की कोलकाता की ओर से आ रही एक मारुति कंपनी का अर्टिगा कार संख्या बिहार बी आर 01एच क्यु 9704 जो की निरसा चौक के समीप आग लग गई और धू धू कर गाड़ी से आग निकलने लगी तभी गाड़ी का वर्णट खोला गया तो उसमें महंगी महंगी दारू की बोतल इंजन के ऊपर रखी हुई थी जो की इंजन गर्म होने के कारण बोतल ब्लास्ट कर गया। जिसके चलते पूरे गाड़ी में आग लग गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर गाड़ी को जप्त किया और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने पर भरपूर सहयोग किया वही गाड़ी में बैठे सारे लोग भाग गए।

## सरिया पुलिस ने अवैध कोयला लदे एक पिकअप वैन को किया जब्त



गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिले के सरिया थाना क्षेत्र के नावाडीह के रास्ते सरिया राजधनवार मुख्य सड़क से पुलिस ने अवैध कोयला लदे एक पिकअप वैन को जब्त कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर सरिया एसडीपीओ धन्नजय राम नेतृत्व में बनी छापेमारी टीम में शामिल सरिया थाना प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, हवलदार रामविलास रजक, आरक्षी विशेश्वर दास ने नावाडीह मार्ग में छापेमारी करते हुए सरिया थाना क्षेत्र ग्राम नावाडीह के रास्ते से सरिया-राजधनावर मुख्य सडक की ओर से आ रहे अवैध कायेला लदे एक पिकअप वैन को जप्त किया। छापेमारी के दौरान पिकअप वाहन चालक को सशस्त्र बल के मदद से पकड लिया गया। वहीं जब वाहन को चेक किया तो उक्त वाहन में प्लास्टिक के बोरा में 3 टन 100 बोरा कच्चा कोयला लोड था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया वाहन चालक मनोज नायक सरिया नावाडीह का रहने वाला है। वहीं अंधेरे का लाभ उठाकर वाहन मालिक अजय साव भागने में सफल रहा।

## भमाल पंचायत सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



निरसा (आजाद सिपाही)। निरसा प्रखंड के भमाल पंचायत सचिवालय मे शुक्रवार को झारखंड महिला कल्याण समिति के संयोजक प्रमिला शाही के नेतृत्व मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी अर्चना ने की। समिति के संयोजक प्रमिला शाही ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में महिलाए हर क्षेत्र मे काम कर रही है। उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। महिलाएं परिवार के साथ - साथ समाज ,राज्य एवं देश की सेवा कर रही है। महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।

# दूल्हा बने महादेव, बारात में देवताओं संग झूमे भूत-पिशाच

## शिव-पार्वती की भक्ति में शहर सराबोर, भक्तों ने लगाये हर-हर महादेव के नारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** हर-हरमहादेव, बोल बम के जयकारे से शुक्रवार को शहर गूंजता रहा। हर तरफ शिव भक्तों का जमावड़ा दिख रहा था। सब शिव की भक्ति में सराबोर थे। बच्चे, बूढ़े और जवान बाबा के रंगे थे। मौका था महाशिवरात्रि का।

हर तरफ शिव बारात की धूम मची थी। बारात में भूत-बेताल का नृत्य भी दिख रहा था। बारात में शिव-पार्वती और अन्य देवी-देवताओं की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। बारातियों का स्वागत करने और भगवान शिव के विवाह का साक्षी बनने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम सड़कों पर उमड़ पड़ा। झरिया के अलकडीहा बूढ़ा बाबा मंदिर और विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना करने को लेकर उमड़ती रही। श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। हर-हर महादेव की गूंज पूरे दिन चारों तरफ गूंजती रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना के साथ जलाभिषेक और रुद्राभिषेक भी किया. कई स्थानों पर शिवरात्रि पर मेले का आयोजन किया गया। लोगों ने भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना के साथ साथ मेले का भी आनंद उठाया। शिवजी आज दूल्हा बने हैं। देवी पार्वती से विवाह की तैयारी है।

गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद, शरीर पर भस्म... अद्भुत छटा बिखेर रहा है। भोलेनाथ का शृंगार. हनुमानजी, देवी-देवता, बानर-भालू, भूत-पिशाच सब बाराती बनकर नाचते-गाते साथ चल पड़े हैं।

पूरा माहौल शिव-पार्वती की भक्ति में लीन है. बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष, हर कोई उत्साह में थे है। महाशिवरात्रि पर अलकडीहा बूढ़ा बाबा मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकली है।

गाजे-बाजे और नाच-गान के साथ बारात आसपास के इलाकों से होती हुए फिर से मंदिर में पहुंचती है। वहां उसका जोरदार स्वागत-सत्कार होता है। रात में शुभ बेला में पारंपरिक गीतों के बीच भोलेनाथ और पार्वती का विवाह संपन्न कराया जाता हैं।



### शिव बाबा की झांकी निकाली गयी

**एग्यारकुंड(आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नेहरू रोड चिरकुंडा द्वारा शुक्रवार को तीन दिवसीय द्वादश ज्योर्तिलिंग दर्शन और दिव्य अनुभूति कार्यक्रम के तहत शिव बाबा की झांकी निकाली गई। झांकी में कलाकारों द्वारा शिव व पार्वती की मनोरम झांकी प्रस्तुत की गई थी। साथ ही द्वादश ज्योर्तिलिंग का चित्र प्रदर्शनी भी लगाया गया है जिसमें सबके रहस्य को लोगों को समझाया जा रहा है। मुकेश भाई सहित सेंटर के सभी भाई बहन मौजूद थे।

## व्यवस्था बदलने का काम करती है आम आदमी पार्टीः शर्मा

गांडेय विधानसभा के कई युवाओं ने थामा आप का दामन


आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** एक वैसी सरकार जो आम आदमी की चिंता करती है। जो सबको बिजली - पानी और शिक्षा - ईलाज मुफ्त देती है। महिलाओं को बस यात्रा और बुजूर्गों को तीर्थ यात्रा फ्री करवाती है। जहां बुजूर्गों को 2500 रू महिना पेंशन मिलता है। 18 साल से अधिक उम्र की हर महिला को वित्तीय वर्ष 2024-25 से हर महिना में एक हजार रू देने का बजट पास किया गया है। आम आदमी पार्टी लकीर का फकीर नहीं बनती, व्यवस्था बदलने का काम करती है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने शुक्रवार को गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र के कई नौजवानों को आम आदमी पार्टी में शामिल कराते हुए गिरिडीह के कृष्णानगर स्थित आप के जिला कार्यालय में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन में 23 साल हो गया, सरकारें आई और गई लेकिन आम आदमी के जीवन में कोई खास बदलाव नहीं आया? झारखंड में भी बिजली - पानी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और ईलाज हर आदमी को बिल्कुल मुफ्त मिलना चाहिए। कहा कि सरकार किसी की हो झारखंड के नौजवान व्यवस्था में बदलाव चाहते हैं। झारखंड के युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। स्थानीय नीति आज तक नहीं बना। झारखंड के राज्यपाल ओबीसी को 27% आरक्षण देने का कैबिनेट का पारित प्रस्ताव का फाइल दो बार लौटा देते हैं। जनता सब देख रही है और उचित समय का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है। देश में और झारखंड में एक ईमानदार सरकार की जरूरत है, जो चंद पूंजीपतियों की नहीं देश के 140 करोड़ जनता के विकास के बारे में सोंचे। आम आदमी पार्टी उस दिशा में काम कर रही है और अगले पांच साल में यह भारत के विभिन्न हिस्सों में दिखाई भी देगा। आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी का दिल्ली और पंजाब का मॉडल गिरिडीह के गांव गांव तक ले जायेंगे। आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, गौरी शंकर यादव और कासिम अंसारी ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले नौजवानों को आम आदमी पार्टी की टोपी पहनाकर और सदस्यता रसीद देकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया गया। पार्टी में शामिल होने वाले प्रकाश टुडू, सहजाद अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी व्यवस्था बदलने का काम कर रही है इसलिए हम-सब आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले प्रकाश टुडू, राजेन्द्र सिंह, सहजाद अंसारी, मो जियाउद्दीन अंसारी, चीराउद्दीन अंसारी, मो सिराज, मो सलार, मो फारूक, दिल मोहम्मद मो मनीर अख्तर, मो रजा, मो बसीर सहित कई लोग शामिल हैं।

## पत्रकार देवनंदन कुशवाहा का हैदराबाद में आकस्मिक निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जिले के खोरीमहुआ अनुमंडल अंतर्गत करिहारी गांव निवासी पत्रकार देवनंदन कुशवाहा का बीती रात हैदराबाद में आकस्मिक निधन हो गया। उनके इस आकस्मिक निधन की खबर सभी स्तब्ध और हतप्रभ हैं। मृदुभाषी, मिलनसार व कुशल व्यक्तित्व के धनी देवनंदन कुशवाहा खोरीमहुआ से (हिन्दुस्तान )धनबाद से प्रकाशित अखबार के संवाददाता के रूप में विगत 15 वर्षों से भी अधिक समय से कार्यरत थे। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देवनंदन कुशवाहा अपने मंझले भाई के साथ हैदराबाद अपना चेकअप कराने गये थे। उनके हार्ट में कोई प्रॉब्लम था। बीते रात वहां इलाज के दौरान उनकी तबियत अचानक बिगड़ गयी। आनन फानन में चिकित्सकों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती किया। जहां देर रात में उनका निधन हो गया। उनके इस आकस्मिक निधन की खबर सुन जिले के पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक दलों के नेताओं में शोक की लहर दौड़ गयी है। दिवंगत पत्रकार देवनंदन कुशवाहा (50 वर्ष) जमुआ क्षेत्र के पत्रकार रहे महाबीर प्रसाद कुशवाहा के पुत्र थे। उनके छोटे भाई हरिहर वर्मा भी पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं। दिवंगत अपने पीछे पत्नी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए । वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया झारखंड इकाई के प्रदेश अध्यक्ष अनंत तिवारी ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया है ।दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है और ईश्वर से प्रार्थना करती है की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।जिले के पत्रकारों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार के आत्मा की शांति एवं परिवार को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

## भक्तों ने लगाये हर-हर महादेव के जयकारे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह शहर सहित आसपास के शिवालयों में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ महा शिवरात्री मनाई गई। महाशिवरात्री को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। शहर के विभिन्न मंदिर समिति की ओर से शिवालयों को आकर्षक तरीके से सजाया गया। शिवालयों में विद्युत सज्जा की गई। साथ ही फूलों से भी सजाया गया। शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ प्रातः काल से ही उमड़ने लगी। शिवालयों में शिव भक्त पहुंचकर भगवान शिव पर जलाभिषेक कर सुख एवं शांति की प्रार्थना करते नजर आए। साथ ही शिव पर अकवन के फूल, बेलपत्र एवं पुष्प अर्पित किया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंजायमान होते रहे। तड़के से लेकर देर शाम तक शिव भक्त शिवालयों में पूजा-अर्चना करते नजर आए। शिवालयों में महारुद्राभिषेक समेत कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में भगवान शिव के जयकारे और भजन सुनने को मिल रहे थे। विभिन्न शिवालयों भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। इस दौरान जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर उसरी नदी के तट पर स्थित दुखहरणनाथ मंदिर के साथ-साथ जिले के प्रसिद्ध झारखंडधाम, बगोदर प्रखंड स्थित हरिहर धाम मंदिर में जहां अहले सुबह से ही भगवान शिव की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। बगोदर के हरिहर धाम में 70 फिट ऊंचे शिवलिंग के भीतर स्थापित शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भक्त बेलपत्र और पूजा समानों के साथ भक्तों ने माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इधर शहर के विश्वनाथ मंदिर, मकतपुर स्थित पंचमंदिर, बरमसिया स्थित श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भक्तगण शिवलिंग पर जल, दूध, दही, मधु, बेलपत्र, फल, फूल प्रसाद आदि चढ़ा रहे थे।

इस दौरान भक्तों ने उपवास रखकर दिन भर भगवान शिव की आराधना में जूटे हुए थे। जमुआ प्रखंड अंतर्गत झारखंड धाम, झारोनदी, बसरिया धाम, जमुआ पंच मंदिर आदि ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से शाम तक भीड़ लगी हुई थी।

## खनन विभाग आया हरकत में

महुदा(आजाद सिपाही)। तेलमोचो मोड़ के पास अवैध बालू चोरी कर परिवहन के मामले में गुरुवार को महुदा थाना में ट्रेक्टर मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताते चले कि जिला खनन पदाधिकारी और महुदा थाना प्रभारी की अगुवाई में तेलमचो के पास अवैध रूप से बालू तस्करी करते बालू लदे ट्रैक्टर संख्या जे.एच 10 बी.जे-2219 को पुलिस धर-दबोच इस दौरान मौके से ट्रेक्टर चालक फरार होने में सफल रहा, वहीं ट्रेक्टर को महुदा पुलिस के सहयोग से थाने थाना ले जाया गया। उक्त मामले पर खनन पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि गुरुवार को तेलमचो स्थित दामोदर नदी से अवैध बालू का उठाव तथा परिवहन करने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर छापेमारी के दौरान बालू लदे ट्रेक्टर को पकड़ा गया। कागजात मांगने पर चालक वहाँ से फरार हो गया। पकड़े गये ट्रेक्टर को सिपाही बुलाकर थाना ले जाया गया। उन्होंने आगे कहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। किन्तु इस पर अंकुश लग पायेगी या फिर दबंग नेता के दबंगई से यह कारोबार चलता रहेगा।

## पीरटांड़ में पुलिस ने किया समुदायिक कार्यक्रम का आयोजन




गिरिडीह(आजाद सिपाही)। ग्रामीणों से नक्सलियों का भय निकालने और मतदान को लेकर ग्रामीणों की दिलचस्पी जानने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार शर्मा समेत कई अधिकारी जिले के नक्सल प्रभावित पीरटांड़ के मधुबन स्थित चतरो पहुंचे और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय में चार गांव से काफी संख्या में ग्रामीण जुटे हुए थे। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि हर हाल में ग्रामीणों को भय मुक्त वातारण में चुनाव संपन्न कराना है। ऐसे में जिला प्रशासन इस बार चुनाव में ग्रामीणों के विश्वास को बिल्डअप करने को लेकर कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर की प्रक्रिया को अपनाने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है। वहीं मौके पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद, डीएसपी अंबिका राय, डीएसपी कौसर अली समेत अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच कहा कि जिला प्रशासन आने वाले चुनाव में भय मुक्त माहौल देना है। मतदाताओं को भी समझना होगा की जिला प्रशासन उनके साथ है और वे बेखौफ होकर मतदान कर सकते है।

## घर-घर से सहयोग और समर्थन की अपील, 4 महीने से राशन नहीं मिलने का मामला



गिरिडीह(आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के शादी गवारो, चौराही, चंदली, अंबाटांड़ आदि गांवों के राशन कार्ड धारकों को पीछे 4 माह से राशन नहीं मिला है। इसलिए जिला प्रशासन को अविलंब राशन का वितरण कराना चाहिए। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज शादी गवारो गांव में आगामी लोकसभा तथा संभावित विधानसभा उप-चुनाव को लेकर आयोजित एक बैठक में मौजूद स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कही। बैठक की अगुवाई पार्टी के जिला कमिटी सदस्य संजय चौधरी तथा संचालन बबलू मुर्मू ने किया। श्री यादव ने कहा कि, मोदी सरकार ने अपने वादों के विपरित देश की जनता को महंगाई और बेरोजगारी की दलदल में धकेल दिया है। जनता इस सरकार से ऊब चुकी है। इसलिए किसान-मजदूर-युवा सभी इस सरकार से खफा हैं। मोदी सरकार गरीबों से टैक्स लेकर अमीरों का कर्ज माफ करती है। उन्होंने लोगों से आगामी चुनाव में लाल झंडे के पक्ष में मजबूती से खड़ा होने तथा घर-घर से आर्थिक सहयोग के साथ पार्टी उम्मीदवार को जिताने की अपील की। साथ ही श्री यादव ने कहा कि, राशन के सवाल पर सोमवार 11 मार्च को डीएसओ कार्यालय चलकर समस्या का समाधान करने की मांग की जाएगी।

## बोकारो स्टील ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

बोकारो(आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास केंद्र में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संयंत्र की महिला कर्मियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल के अधिशासी निदेशक(संकार्य) श्री बी के तिवारी, महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं और अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री एस रंगानी, अधिशासी निदेशक(कार्मिक एवं प्रशासन) श्री राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक(एस आर यू ) श्री पी के रथ , मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, महिला समिति की उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा बोकारो स्टील की महिला कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वेदांता के बाल्को मेडिकल सेंटर को प्रतिष्ठित कैंसर ग्रैंड चैलेंजेस अवार्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** वेदांत के बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने प्रतिष्ठित कैंसर ग्रैंड चैलेंज अवार्ड प्राप्त करने वाली टीम में पहले भारतीय सह-शोधकर्ता बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कैंसर अनुसंधान के लिए 25 मिलियन डॉलर के पर्याप्त अनुदान के साथ यह मान्यता, भारत के ऑन्कोलॉजी परिदृश्य में एक अग्रणी संस्थान के रूप में बीएमसी की स्थिति को रेखांकित करती है। प्राप्तकर्ता टीम प्रॉस्पेक्ट, जिसमें बाल्को मेडिकल सेंटर और दुनिया भर के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के चिकित्सक, वकील और वैज्ञानिक शामिल हैं, प्रारंभिक कैंसर चुनौती के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करेंगे।

वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चेयरपर्सन ज्योति अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाता है। पिछले छह वर्षों में, बीएमसी में, हमारे नेताओं, कर्मचारियों और हितधारकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया है कि हमारे पास सर्वोत्तम तकनीकों तक पहुंच है और हमारे मरीज और समुदाय सुरक्षित और आत्मविश्वास महसूस करते हैं। कैंसर ग्रैंड चैलेंजेस के इस समर्थन से, हमारे प्रयास न केवल जारी हैं बल्कि मजबूत भी हुए हैं।

कैंसर ग्रैंड चैलेंजेज के निदेशक डॉ डेविड स्कॉट ने कहा कि इस निवेश के साथ, जो अब तक का हमारा सबसे बड़ा निवेश है, हम अपने वैश्विक अनुसंधान समुदाय को बढ़ाना जारी रखते हैं, और नयी टीमों को वित्त पोषित करते हैं जिनमें ऐसी खोजों को सामने लाने की क्षमता होती है जो कैंसर के परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं।

वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चिकित्सा निदेशक और प्रॉस्पेक्ट-इंडिया अध्ययन की प्रमुख प्रमुख अन्वेषक डॉ भावना सिरोही कहती हैं कि कोलोरेक्टल कैंसर में चिंताजनक वृद्धि शीघ्र पता लगाने और रोकथाम के लिए जीवनशैली विकल्पों के महत्व पर जोर देती है। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में शीघ्र निदान और शीघ्र उपचार की सुविधा के लिए कैंसर की जांच की सख्त आवश्यकता है, विशेष रूप से युवा आबादी की ओर बदलती जनसांख्यिकी के साथ। यह अनुदान वैश्विक कैंसर अनुसंधान को गति देगा, जो प्रारंभिक-शुरुआत कोलोरेक्टल कैंसर में वृद्धि के पीछे के कारणों को समझने और रोकथाम के लिए रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी की 39 प्रत्याशियों की सूची

# वायनाड से राहुल, तो राजनांदगांव से भूपेश लड़ेंगे चुनाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट 8 मार्च को जारी कर दी। शुक्रवार शाम 7.15 बजे पार्टी ने 39 कैंडिडेट्स का ऐलान किया। इस लिस्ट के मुताबिक राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगे। वे अभी भी वहीं से सांसद हैं। राहुल के अलावा भूपेश बघेल और शशि थरूर के नाम भी लिस्ट में हैं। कांग्रेस की पहली लिस्ट में 15 कैंडिडेट सामान्य (जनरल कैटेगरी), 24 उम्मीदवार एससी-एसटी,ओबीसी और माइनॉरिटी कैटेगरी से हैं। 12 उम्मीदवारों की उम्र 50 साल से कम है। भाजपा ने 2 मार्च को 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 195 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी। भाजपा की सूची के 5 दिन बाद कांग्रेस की पहली लिस्ट आ/१ है।

कांग्रेस ने पहली लिस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री और दो पूर्व मंत्रियों को मैदान में उतारा है। शिव डहरिया और ताम्रध्वज साहू को टिकट देकर जातिगत समीकरण तो साधा ही है, साथ ही संदेश भी दिया है कि जिन बड़े विभागों को कांग्रेस के मंत्रियों ने संभाला था, उन्हें मैदान में उतरकर अब भाजपा को पटखनी देनी चाहिए। राजेंद्र साहू को टिकट देकर भूपेश बघेल ने यह जता दिया कि टिकट वितरण में उनकी पसंद का ख्याल रखा गया है। राजेंद्र के कारण ताम्रध्वज साहू को महासमुंद शिफ्ट होना पड़ा। ज्योत्सना महंत का मुकाबला सरोज पांडेय से जरूर है, लेकिन ये चुनाव वास्तव में ज्योत्सना महंत के पति चरणदास महंत और सरोज पांडेय के बीच होगा। चरणदास महंत कांग्रेस में उस क्षेत्र के सबसे बड़े नेता हैं और सरोज पांडेय भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव। ये चुनाव भाजपा के ग्लैमर और कांग्रेस बड़े चेहरे के बीच है।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग बैठक की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजधनवार।** गिरिडीह में आयोजित भाजपा का समन्वय समिति की बैठक के बाद भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनवार के बरजो भाजपा कार्यालय पहुंचे। इस क्रम में भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों के घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्षों में किये गये कार्यों को बताने की बात कही, ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 और एनडीए 400 सीट पार आ सके। इस क्रम में कुछ लोगों ने श्री सिंह को अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जहां उन्होंने लोगों की समस्या का निदान भी किया। मौके पर नकुल राय, श्रीकांत राय, पवन सिंह, साजन साव, प्रमानंद यादव महेश यादव, राजेश यादव, मीना, ममता, गिरजा देवी, मनोज, रामचंद्र यादव कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अमित शाह 12 को ओड़िशा दौरे पर आयेंगे



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 12 तारीख को ओड़िशा दौरे पर आने वाले हैं। देश में जहां आम चुनाव होने वाले हैं वहीं ओडिशा समेत कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसी कड़ी में बीजेपी के केंद्रीय नेताओं का ओडिशा आने का कार्यक्रम है. कुछ दिन पहले प्रदेश बीजेपी के प्रभारी ओडिशा आये थे। बुधवार को ओड़िशा के बीजेपी नेताओं को दिल्ली बुलाया गया था। वहां केंद्रीय नेताओं और प्रदेश बीजेपी नेताओं के साथ आगामी चुनावों पर चर्चा हुई। इसी तरह, दूसरी ओर ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजेडी) के साथ बीजेपी के गठबंधन की भी खूब चर्चा हो रही है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। सूचना मिल रहा है कि अमित शाह के दौरे के मौके पर कुछ घोषणा हो सकती है।

## केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह



**भुवनेश्वर।** महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने और महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर में केनरा बाजार का आयोजन किया। महिलाओं के लिए उद्यमिता विकास के तहत बैंक की पहल के अनुरूप केनरा बाजार का औपचारिक उद्घाटन केनरा बैंक के श्री जगदीश चंद्र, महाप्रबंधक / अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर द्वारा किया गया। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से स्वयं सहायता समूह, जिन्हें केनरा बैंक द्वारा वित्त पोषित किया गया है, हस्त निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनका विक्रय करने के लिए केनरा बाजार में प्रतिभागिता किया। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने उन्हें दी गई वित्तीय सहायता और अपने उत्पादों को प्रदर्शित एवं विक्रय करने के लिए मंच प्रदान करने के लिए केनरा बैंक की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

# राजभाषा संगोष्ठी और नारी-शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बैंक ऑफ बड़ौदा, कटक क्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर रेवेंशा विश्वविद्यालय, कटक के संयुक्त तत्वावधान में राजभाषा-संगोष्ठी एवं नारी-शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय स्त्री की आत्म शक्ति से मिलती है समाज को शक्ति रखा गया था। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। तत्पश्चात रणजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा की जा रही पहलों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर आयोजित राजभाषा संगोष्ठी में, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं बैंक के अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी पश्चात बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा, विश्व हिंदी दिवस 2024 के अवसर पर रेवेंशा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु आयोजित, हिंदी व्याख्यान प्रतियोगिता हेतु विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ बडौदा, कटक क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा रेवेंशा विश्वविद्यालय, कटक की हिंदी विभागाध्यक्ष, प्रो डॉ अंजुमन आरा को सम्मानस्वरूप उत्तरीय एवं स्मृति चिह्न भेंट किया गया। डॉ अंजुमन आरा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उठाये जा रहे कदमों की सराहना की। साथ ही संगोष्ठी हेतु दिये गये विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक शर्मा, रेवेंशा विश्वविद्यालय एवं धन्यवाद-ज्ञापन श्रीमती मनीषा यादव, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख उपस्थित रहे।

# भाजपा के सन्नी टोप्पो की अगुवाई में पार्टी मजबूती की ओर


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इटकी।** भाजपा की टीम मे सन्नी टोप्पो के अथक प्रयास और क्षेत्र के लोगों से मिलने-जुलने से क्षेत्र में पार्टी सशक्त होने लगी है। आगामी लोकसभा के चुनाव में भाजपा को मांडर विधानसभा क्षेत्र से एक बड़ा लाभ मिलने के आसार बढ़ गये हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में सीटिंग विधायक गंगोत्री कुजूर का टिकट काट कर देवकुमार धान को चुनाव लड़ा कर भाजपा ने बड़ी गलती की थी। चुनाव के क्रम में उनके भाषणों को भाजपा के वोटर पचा नहीं सके। साथ ही देव कुमार धान जिस तबके को अपना वोटर समझते थे, उसने भी साथ नहीं दिया। इसके कारण भाजपा को बड़े अंतर से हार का मुंह देखना पड़ा था। वहीं से भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी बिखराव देखने को मिला था। इसका खामियाजा 2022 के उप चुनाव में भी देखने को मिला, जब भाजपा प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर को कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

राजनीतिक विशेषज्ञों तथा बुद्धिजीवियों का मानना है कि देवकुमार धान ने उप चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ कर भाजपा को हराया था। बंधु तिर्की की विधायकी जाने के बाद उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की को 95062, जबकि गंगोत्री कुजूर को 71585 वोट मिले थे। वहीं देवकुमार धान ने 22395 मत लाकर भाजपा को हार का रास्ता दिखा दिया था। लगातार हार के बाद क्षेत्र में भाजपा की टीम टूट सी गयी थी। भाजपा के लिए बगैर लोभ-लालच के काम करने वाली एक टीम, जिसकी सुदर्शन भगत मदद लेते रहे, को सन्नी टोप्पो को खोजना पड़ेगा।

कांग्रेस को त्याग कर भाजपा का दामन थामने के बाद सन्नी टोप्पो ने दिन-रात एक कर कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया और भाजपा को सशक्त करने में सफलता हासिल की है। भाजपा के लोगों को भी एक सशक्त चेहरे की तलाश थी, जिसे सन्नी ने पूरा किया। इनके साथ एक बड़े समूह का भाजपा में विलय हो गया।



## बीजेडी-बीजेपी गठबंधन को लेकर फैसला नहीं हुआ: पृथ्वीराज हरिचंदन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजेपी नेता पृथ्वीराज हरिचंदन ने बीजेडी-बीजेपी गठबंधन को लेकर बयान दिया है। गठबंधन को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ है। उस पर कोई चर्चा नहीं हुई। प्रदेश नेतृत्व ने केंद्रीय नेतृत्व के सामने साफ कह दिया है कि अगर बीजेपी अकेले चुनाव लड़ेगी तो ओड़िशा में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जल्द ही केंद्रीय नेतृत्व जो निर्णय लेगा, उसके अनुरूप पार्टी आगे बढ़ेगी। गठबंधन के बारे में ऐसी कोई बात नहीं है। सिर्फ सोशल मीडिया और मीडिया ही इस तरह की बातें कर रहा है। पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि भाजपा अकेले लड़ने की बहुत संभावना है। पृथ्वीराज ने कहा कि गठबंधन केवल एक पूर्व - परिकल्पित है। दूसरी ओर राष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार गठबंधन पर सस्पेंस जारी है, जबकि सीट बंटवारे की बातचीत अनिर्णायक बनी हुई है ।

## बीजेडी से सुदर्शन जेना का इस्तीफा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बालेश्वर के बीजू जनता दल (बीजेडी) से एक खबर सामने आयी है। रेमुणा के पूर्व विधायक सुदर्शन जेना ने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कई कारण बताते हुए आज सभापति को अपना इस्तीफा भेज दिया है. हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनका अगला कार्यक्रम क्या है।

## कोटा शहर में शिव बारात के दौरान करंट की चपेट में आने से 15 बच्चे झुलसे

**कोटा (आजाद सिपाही)।** राजस्थान के कोटा शहर में महाशिवरात्रि पर निकाली जा रही शिव बरात के दौरान हादसा हो गया। हाइटेंशन वायरल की चपेट में आने से 15 बच्चे झुलस गए। एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। सभी बच्चों को एमबीबीएस अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसा कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे के पास दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब हुआ। शिव बरात में कई बच्चे धार्मिक झंडे लेकर चल रहे थे। इस दौरान एक झंडा हाइटेंशन लाइन से टच हो गया। इससे यह हादसा हो गया। तत्काल बच्चों को एमबीबीएस अस्पताल ले जाया गया। वहां एक बच्चे की स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया है। घायल बच्चों के परिजनों ने अस्पताल पहुंचे आयोजकों की पिटाई कर दी है। आइजी रविदत्त गौड़ ने बताया एक बच्चा 70 प्रतिशत और एक 50 प्रतिशत झुलस गया है। शेष बच्चे 10 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बच्चों की उम्र नौ से 16 साल बतायी जा रही है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**